राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 39, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 26 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

उड़ान वेलफेयर संस्था ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित

.... पेज 03

योगी सरकार की अपील, फाइलेरिया से बचना है तो 28 अगस्त तक जरूर लें दवा

.... पेज 05

आईसीसी विश्व कप 2023 टिकटों की बिक्री शुक्रवार से उपलब्ध

.... पेज 07

## गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि केस में अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से संबंधित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मानहानि की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने की श्री केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित इस मामले में वहां 29 अगस्त को सुनवाई होनी है।

ऐसी स्थिति में वह इस मामले में फिलहाल इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं है।

पीठ ने कोई आदेश पारित करने से इनकार करते हुए उम्मीद जताई कि उच्च न्यायालय अगली सुनवाई की तारीख पर कोई फैसला सुनाएगा।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम इस स्तर पर नोटिस जारी करने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि यह मामला उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है और 29 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। हमें भरोसा और उम्मीद है कि मामले का निपटारा अगली तारीख को हो जाएगा। केजरीवाल ने गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति समीर दवे की पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत के समक्ष अपील की थी। गुजरात



विश्वविद्यालय ने आम आदमी पार्टी के नेता सर्वश्री केजरीवाल और सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री का खुलासा नहीं करने के बाद दोनों नेताओं ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

गुजरात के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जयेशभाई चोवतिया की अदालत ने इस साल 17 अप्रैल को पारित एक आदेश में सर्वश्री केजरीवाल और सिंह के बयान को प्रथम दृष्टया मानहानिकारक करार दिया था।

गुजरात के सत्र न्यायालय ने मानहानि कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाने की दोनों नेताओं की अपील पांच अगस्त को अस्वीकार कर दी थी। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा आया था। यहां भी उन्हें निराशा हाथ लगी और उच्च न्यायालय ने भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## हिमाचल के मंडी में बादल फटा, 51 का रेस्क्यू

### बारिश के चलते बद्दी में पुल दो हिस्सों में बंटा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटों में बारिश के चलते काफी नुकसान हुआ। मंडी में बादल फटने से 51 लोग फंस गए। NDRF की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया।

दूर-दराज इलाकों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाने-पीने का सामान और जरूरी दवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उधर बद्दी जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आ गया और पुल दो हिस्सों में टूट गया।

मौसम विभाग ने हिमाचल में आज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल में रेड और असम, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### यहां भारी बारिश होगी

सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मिजोरम, त्रिपुरा और मणिपुर।

## हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने 3 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

### कोर्ट ने 7 जुलाई 2018 को हेट स्पीच पर रोक लगाने के लिए गाइडलाइन जारी की थी

नई दिल्ली। हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि इसे रोकने के लिए 2018 में जारी की गई गाइडलाइन का ही पालन कराएंगे। कोर्ट ने 7 जुलाई 2018 को हेट स्पीच पर रोक लगाने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। इसमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिलों में नोडल अफसर तैनात करने को कहा था। कोर्ट ने केंद्र से तीन हफ्ते में राज्यों से इसका विवरण जुटाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र से कहा- अगर तीन हफ्ते में जानकारी नहीं मिलती है तो सुनवाई की अगली तारीख पर बताएं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट से जारी 2018 की गाइडलाइन का अध्ययन किया है। उसके विचार में कुछ और पॉइंट्स को जोड़ने की आवश्यकता है। बेंच ने कहा- 2018 की गाइडलाइन काफी डिटेल में है। हम इसमें कुछ जोड़ेंगे जरूर, लेकिन घटाएंगे कुछ भी नहीं। ऐसे क्राइम रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा सकते हैं। कोर्ट कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें अलग-अलग राज्यों में हेट स्पीच पर रोक लगाने के निर्देश



देने की मांग की गई थी। हरियाणा के नूंह और गुरुग्राम में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी शामिल थी।

### असम में पानी की छोटी प्लास्टिक बोतल बैन

असम। असम स्टेट गवर्नमेंट ने एक लीटर से कम की सिंगल यूज प्लास्टिक की पानी की बोतलों पर बैन लगाने की घोषणा की है। बैन 2 अक्टूबर से प्रभावी होगा और राज्य के ग्रीन एंड हेल्दी फ्यूचर की दिशा में एक इम्पोटेंट स्टैप होगा। असम स्टेट ने प्लास्टिक कचरे और एन्वायर्नमेंट पर इसके दुष्प्रभावों को खत्म करने का संकल्प लिया है और यह बैन उसी कोशिश का एक हिस्सा है। 23 अगस्त 2023 को असम पर्यावरण और वन विभाग ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है नोटिफिकेशन में कहा गया है, की सिंगल यूज प्लास्टिक वाली वस्तुएं, जिनमें कचरा फैलाने की बहुत अधिक कैपेसिटी होती है, ये बायोडिग्रेडेबल नहीं भी हैं,ये लम्बे समय तक एन्वायर्नमेंट को नुकसान पहुंचाने का कारण बनती हैं और एन्वायर्नमेंट हेल्द के लिए खतरनाक होती हैं। इसलिए इन्हें बैन किया जाता है,इन्हें बनाने, खरीदने,बेचने और स्टॉक करने पर रोक लगाई जाती है। यह नोटिफिकेशन 2 अक्टूबर, 2023 से लागू होगा। और इसका प्रभाव शहरी और ग्रामीण क्षेत्र, स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग और असम के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में लागू होगा।

### हिमाचल में कुल्लू-मनाली और लाहौल का सड़क संपर्क कटा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का दौर भले ही थम गया हो, लेकिन तबाही का दौर और दुश्वारियां थम नहीं रहीं। शुक्रवार को 60 घंटे बाद भी कुल्लू-मनाली और लाहौल घाटी का सड़क संपर्क कटा रहा। कुल्लू-मंडी नेशनल हाईवे के अलावा सभी वैकल्पिक मार्ग तीसरे दिन भी बंद रहे। बद्दी को पिंजौर से जोड़ने वाला पुल पूरा ध्वस्त हो गया। 100 किमी का अतिरिक्त सफर कर रूपनगर से ट्रक और अन्य मालवाहक बीबीएन आ रहे हैं। सोलन के बद्दी की सेंसीवाला में महिला कार समेत खड्ड में बह गई। महिला की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया है। महिला धार्मिक कार्यक्रम से रात करीब 12:15 बजे अपने पति और पोती के साथ लौट रही थी। हालांकि पति और पोती बच गए। उधर, मंडी की ऊहल खड्ड में 15 अगस्त को बही रोपा निवासी महिला का शव बरामद हुआ है।

## भारत और ग्रीस में रिश्ते हुए मजबूत, बने रणनीतिक साझेदार

### तकरीबन चार दशक बाद मोदी ग्रीस की यात्रा करने के वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। यूरोपीय देशों के साथ अपने रिश्तों की नई दिशा तय करने में जुटे भारत ने भूमध्य सागर स्थित प्रमुख देश ग्रीस के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित की है। एथेंस में पीएम नरेन्द्र मोदी और ग्रीस के पीएम काइरियाकोस मिस्तोताकिस के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में यह फैसला किया गया कि रणनीतिक साझेदार बनने के साथ ही हर क्षेत्र में रिश्तों को प्रगाढ़ किया जाएगा।

### भारत-ग्रीस के बीच कारोबार बढ़ाने का लक्ष्य

दोनो देशों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने, सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाने और जल्द ही एक दूसरे देशों की जनता को आवागमन व कामकाज में सहूलियत देने संबंधी समझौता करने का भी फैसला किया है। तकरीबन चार दशक बाद मोदी ग्रीस की यात्रा करने के वाले



भारत के पहले प्रधानमंत्री है।

### ग्रीस की मजबूत दोस्ती से तुर्किये के लिए संदेश

उनकी इस यात्रा को ग्रीस के साथ बेहद तनावपूर्ण संबंध रखने वाले देश तुर्किये के साथ भारत के खराब होते रिश्तों के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। तुर्किये भारत के पुराने प्रतिद्वंदी व पड़ोसी देश पाकिस्तान का एक अहम साझेदार देश है और हर मोर्चे पर उसका समर्थन करता है।

### भारत और ईयू के बीच एफटीए को ग्रीस का समर्थन

ग्रीस ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा समर्थन दिया है। ग्रीस के पीएम मिस्तोताकिस ने कहा कि 40 वर्षों बाद भारत के पीएम यहां आये हैं, लेकिन इस दौरान हमारे रिश्तों की गर्माहट बरकरार रही है। हमने फैसला किया है कि रक्षा व सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों पर ध्यान दे कर हम रणनीतिक रिश्तों को मजूबत बनाएंगे। संयुक्त घोषणा पत्र में भूमध्य सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा गया है कि यहां अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान होना चाहिए और हर देश की संप्रभुता, भौगोलिक अखंडता और आवागमन की आजादी होनी चाहिए। दरअसल, हिंद प्रशांत क्षेत्र में जिस तरह से चीन का आक्रामक रवैया यहां के कई देशों के लिए चिंता का कारण है उसी तरह से तुर्किये भी भूमध्य सागर क्षेत्र स्थित ग्रीस को लेकर रवैया अपनाता है। वैसे जुलाई, 2023 में ही तुर्की और ग्रीस ने उच्च स्तर पर वार्ता का दौर शुरू किया है।

### पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है तुर्किये

तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर कश्मीर के मुद्दे पर ना सिर्फ पाकिस्तान की मदद की है, बल्कि दूसरे कई अवसरों पर भी वह भारत विरोधी रुख अपनाता है।

ऐसे में भारत व ग्रीस के बीच मजबूत होता यह रिश्ता तुर्किये के लिए असुविधाजनक हो सकता है। भारत तुर्किये के दो अन्य विरोधी देश अर्मेनिया और साइप्रस के साथ भी संबंधों को आगे बढ़ा रहा है।

## जेनेरिक के अलावा दूसरी दवाइयां भी लिख सकेंगे डॉक्टर

### एनएमसी ने बदला फैसला; पहले डॉक्टरों को केवल जेनेरिक मेडिसिन लिखने के निर्देश दिए थे

नई दिल्ली। नेशनल मेडिकल कमीशन ने गुरुवार को डॉक्टर्स के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने के अपने निर्देश को फिलहाल टाल दिया है। अब डॉक्टर जेनेरिक दवाइयों के अलावा दूसरी दवाएं भी प्रिस्क्राइब कर सकेंगे।

दरअसल एनएमसी ने नए नियम जारी किए थे, जिनमें सभी डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयां लिखना अनिवार्य कर दिया था। ऐसा नहीं करने पर लाइसेंस रद्द करने की बात कही गई थी।



### आईएमए ने जताई थी आपत्ति

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस ने एनएमसी के इस निर्देश पर चिंता जताई थी। संगठनों का कहना था कि जेनेरिक दवाइयों की क्वालिटी को लेकर अनिश्चितता है, ऐसे में ये निर्देश ठीक नहीं है। इस संबंध में आईएमए और आईपीए के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से भी मुलाकात की थी।

### कमाई का बड़ा हिस्सा दवाओं पर खर्च रहे लोग

एनएमसी ने कहा था कि देश में लोग अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च कर रहे हैं। जिसमें बड़ी राशि सिर्फ दवाएं पर खर्च की जा रही है। रेगुलेशन में कहा गया कि जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड मेडिसन की तुलना में 30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक सस्ती हैं। ऐसे में अगर डॉक्टर मरीजों को प्रिस्क्रिप्शन में जेनेरिक दवाएं लिखेंगे तो हेल्थ पर होने वाले खर्च में कमी आएगी।

एनएमसी ने कहा कि अस्पतालों और स्थानीय फार्मेसियों को भी जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। मरीजों को इसके बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्हें जन औषधि केंद्रों और अन्य जेनेरिक फार्मेसी दुकानों से दवाएं खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

### डॉक्टरों को कई बार दी जा चुकी है चेतावनी

इससे पहले भी कई बार डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं न लिखने पर कार्रवाई की चेतावनी दी जा चुकी है। मई 2023 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने कहा- केंद्र सरकार ने अस्पतालों, स्वास्थ्य योजना कल्याण केंद्रों और पॉलीक्लिनिक के डॉक्टरों को कई बार जेनेरिक दवाएं लिखने के निर्देश जारी किए हैं। इसके बावजूद अस्पतालों के रेजिडेंट और एक्सपर्ट्स डॉक्टर मरीजों को प्रिस्क्रिप्शन में ब्रांडेड दवाएं लिख रहे हैं। अब ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## केरल के वायनाड में भीषण सड़क हादसा, दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

नई दिल्ली। केरल के वायनाड जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। वायनाड जिले में एक जीप गहरी खाई में गिर गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई।

### जीप पलटने से हुई दुर्घटना

समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से बताया कि जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं।

### जीप में 12 लोग सवार

पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना करीब साढ़े तीन बजे वलाड-मननथावडी रोड पर हुई। उन्होंने कहा



कि जीप में 12 लोग सवार थे। एक चश्मदीद ने बताया कि जीप में एक चाय बगान में काम करने वाली महिलाएं शामिल थीं और जीप मक्कीमाला जा रही थी।

### घायलों को भेजा गया अस्पताल

जानकारी के मुताबिक, हादसे में घायल लोगों को मननथावाडी के एक अस्पताल भेजा गया, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है।

इधर, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने वन मंत्री ए के ससींद्रन को दुर्घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि घायलों के इलाज सहित सभी उपायों के समन्वय और अन्य आवश्यक चीजों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## चांद की सतह पर आठ मीटर तक घूमा रोवर, सभी पेलोड्स सामान्य

चेन्नई। भारत का महान गौरव चंद्रयान-3 लगातार सफलतापूर्ण कदम बढ़ा रहा है और 'प्रज्ञान' रोवर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर शुक्रवार को आठ मीटर तक सफलतापूर्वक चहलकदमी की।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज शाम एक बयान जारी करके बताया कि रोवर ने सारी गतिविधियां नियोजित तरीके से की। लैंडर मॉडयूल (एलएम), प्रॉपल्शन मॉडयूल (पीएम) और रोवर सभी बिल्कुल ठीक तरह से काम कर रहे हैं। चंद्रयान-3 मिशन पर एक अपडेट में इसरो ने कहा, रोवर की सभी पहले से ही तय गतिविधियों को



सत्यापित कर लिया गया है। रोवर ने लगभग आठ मीटर की दूरी सफलतापूर्वक तय कर ली है। रोवर पेलोड एलआईबीएस और एपीएक्सएस चालू हैं। पीएम, एलएम और रोवर पर सभी पेलोड सामन्य रूप से काम कर रहे हैं। इसरो ने बताया कि रोवर को लैंडर विक्रम से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए दो खंड वाले रैंप को तैयार किया गया था। इस रैंप की मदद से रोवर को सुरक्षित चंद्रमा की सतह पर उतारा गया और रोवर पर लगे सौर पैनल ने उसे बिजली उत्पन्न करने में सक्षम बनाया। रोवर को बाहर निकालने से पहले रैंप और सोलर पैनल का एक वीडियो भी जारी किया गया। चंद्रयान -3 में तैनात किये गये कुल 26 तंत्र यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी)/इसरो, बेंगलुरु में विकसित किए गए थे। एलएम ने बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक सफल सॉफ्ट लैंडिंग की, जिससे भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया।

रिहाइ

### सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ती उम्र और बीमारियों के कारण रिहाई का आदेश दिया

## अमरमणि त्रिपाठी 19 साल बाद जेल से रिहा

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी करीब 19 साल बाद जेल से रिहा हो गया है। उसकी पत्नी मधुमणि की भी रिहाई हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ती उम्र और बीमारियों के कारण रिहाई का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार की रात कारागार प्रशासन ने दोनों की रिहाई का आदेश जारी किया था।

शुक्रवार को कुछ घंटों में ही सभी औपचारिकता पूरी कर दी गई। उनकी रिहाई का परवाना पहले जेल पर पहुंचा। यहां से जेलर अरुण कुमार खुद बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इसके बाद दोनों को 25-25 लाख के मुचलके पर रिहा कर दिया गया। 2003 में मधुमिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में अमरमणि को 2007 में उम्रकैद की सजा हुई थी। कई बीमारियों के कारण पिछले कुछ सालों से अमरमणि और उसकी पत्नी को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। कहा जाता है कि ज्यादातर समय दोनों पति-पत्नी अस्पताल में ही रहे। रिहाई का आदेश अस्पताल में ही रिसीव कराया गया। इस दौरान अमरमणि के बेटे अमनमणि त्रिपाठी ने कहा कि फिलहाल अस्पताल के डॉक्टर तय



करेंगे कि उन्हें घर ले जाया जा सकता है या किसी हायर सेंटर में रेफर किया जाएगा।

अमनमणि ने कहा कि भगवान ने हमारी प्रार्थना सुन ली है। डॉक्टर जो भी कहेंगे उसी के अनुसार फैसला किया जाएगा।

### मधुमिता का परिवार रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

लखीमपुर शहर के मिश्राना की रहने वाली कवयित्री मधुमिता शुक्ला की साल 2003 में लखनऊ की पेपर मिल कॉलोनी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मधुमिता के परिवार ने उस समय मंत्री रहे अमरमणि त्रिपाठी व उनकी पत्नी मधु समेत कई लोगों पर हत्या मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अमरमणि व उनकी पत्नी मधु को उम्रकैद की सजा हुई थी झ्रगुरुवार की रात रिहाई का आदेश जारी होते ही मधुमिता का परिवार शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। मधुमिता केस की पैरोकार उनकी बहन निधि दिल्ली पहुंच गई और सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई। हालांकि कोर्ट ने रिहाई पर रोक से इनकार कर दिया।

मधुमिता के भाई विजय शुक्ला ने कहा कि उनका परिवार निराश और डरा हुआ है।

हमें अब परिवार की सुरक्षा की चिंता सता रही है। ऐसा लग रहा है कि जैसे मेरी बहन निधि का पूरा संघर्ष बेकार चला गया। विजय ने कहा कि वकीलों से राय मशविरा कर आगे कदम बढ़ाएंगे।

## रेणुका सिंह ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

केंद्रीय जनजाति विकास राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने आज यहां विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। केंद्रीय मंत्री सिंह आज अपने प्रवास दौरान मंदिर पहुंचकर भूतभावन बाबा महाकालेश्वर के दर्शन किए और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंदिर प्रबंध समिति सदस्य राजेन्द्र शर्मा एवं पुजारी राम शर्मा ने महाकालेश्वर भगवान का चित्र, प्रसाद और उत्तरीय वस्त्र भेंट कर सिंह का सम्मान किया।



नई दिल्ली
शनिवार 26 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### आई.एस. के तहत 14778 मीट्रिक टन सेब खरीरदने का लक्ष्य निर्धारित: सुक्खू

शिमला। बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करते हुए प्रदेश सरकार ने सेब उत्पादकों को लाभ प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय में मंडी मध्यस्थता योजना (एमआईएस) के तहत सेब के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 10.50 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। प्रदेश सरकार ने सेब उत्पादकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से पहली बार 1.50 रुपये की वृद्धि की है। सेब के अलावा, राज्य सरकार ने एमआईएस के तहत आम, किन्नू, माल्टा और संतरे की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी 10.50 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया है। पहली बार नींबू की खरीद भी एमआईएस के तहत गलगल के बराबर यानी 10 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर की जाएगी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि एमआईएस के तहत 1,43,778 मीट्रिक टन सेब की खरीद की जाएगी और बागवानों की सुविधा के लिए 312 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें से एचपीएमसी द्वारा 210 खरीद केंद्र और शेष 102 केंद्र हिमफेड द्वारा संचालित किए जाएंगे। राज्य सरकार के इस निर्णय से सेब उत्पादकों को लगभग 24 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा।

### मिशन इन्द्रधनुष में टीकाकरण से वंचित तीन हजार बच्चों को किया जाएगा कवर

जालंधर। पंजाब के जालंधर जिले में पांच वर्ष तक की आयु वर्ग के करीब तीन हजार बच्चे जो टीकाकरण से वंचित हैं, उनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन इंद्रधनुष-5.0 विशेष टीकाकरण अभियान 11 सितंबर से शुरू किया जा रहा है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के दौरान वंचित रहे तीन हजार बच्चों के लिए टीकाकरण का पहला पडाव 11 से 15 सितंबर तक, इसी तरह दूसरा पडाव नौ से 14 अक्तूबर तक और तीसरा पडाव 20 से 25 अक्तूबर तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने पहचान कर ली है कि ये बच्चे कहां रहते है और उन्हें कवर करने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस संबंध में 272 ए.एन.एम. और 1400 आशा कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दे चुका है। उपायुक्त ने पुलिस, शिक्षा, स्थानीय निकाय, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को कैंपों के दौरान स्वास्थ्य टीमों को पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया।

### अमृतसर का पासपोर्ट कार्यालय शनिवार को काम के लिए खुला रहेगा

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (आरपीओ) एन.के. शील पासपोर्ट कार्यालय, अमृतसर ने पासपोर्ट की अधिक मांग के कारण आवेदन जमा करने के लिए नियुक्ति चक्र में लंबी प्रतीक्षा अवधि को कम करने के लिए शनिवार को एक और बैक टू बैक विशेष मेगा पासपोर्ट मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। शील ने बताया कि पासपोर्ट मेला 26 अगस्त को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक पीएसके अमृतसर और पीओपीएसके फिरोजपुर में आयोजित किया जाना है, ताकि आवश्यक दस्तावेजों की जांच, सत्यापन और स्थानीय आवेदकों के आवेदनों को सामान्य या पुन: जारी के तहत निपटाया जा सके। पासपोर्ट मेले के लिए क्रमांक उपलब्धता के अनुसार पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। केवल उस दिन के अपॉइंटमेंट वाले आवेदकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। ऐसे सभी आवेदकों की सहायता के लिए और पासपोर्ट संबंधी सेवाओं पर उनके प्रश्नों को पूरा करने के लिए एक समर्पित काउंटर/हेल्प डेस्क भी खोला जाएगा, जिससे आवेदकों को उनकी सेवाएं आसान, आरामदायक, सुविधाजनक और त्वरित तरीके से प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### प्रदेश में माइनिंग ब्लॉकों की ई-नीलामी का मिशन मोड़ पर रोडमेप तैयार

जयपुर। राजस्थान में खान विभाग द्वारा खनिज एक्सप्लोरेशन और माइनिंग ब्लॉकों की ई-नीलामी कार्य को मिशन मोड में लेते हुए प्रदेश में मेजर एवं माइनर ब्लॉकों की ई-नीलामी का रोडमेप तैयार किया गया है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता ने बताया कि अब तक एक एमएल एवं तीन सीएल सहित चार मेजर माइनिंग ब्लॉक की सफल नीलामी हो चुकी है वहीं इस माह के अंत तक 4 और मेजर माइनिंग ब्लॉकों की ई-नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। गत वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक 8 मेजर मिनरल ब्लॉकों सहित 2016-17 से 2022-23 तक मेजर मिनरल की कुल 23 एमएल और सीएल के लिए नीलामी की गई थी। इस साल पांच दर्जन से अधिक मेजर मिनरल्स की नीलामी का रोडमेप तैयार कर लिया गया है और भारत सरकार के ई-पोर्टल पर चरणवद्ध तरीके से ई-नीलामी की प्रक्रिया जारी है। खनिज पोटाश की नीलामी की पहली बार प्रक्रिया शुरु की गई है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक उदयपुर के हरियाव जसपुरा लाइमस्टोन ब्लॉक की एमएल के लिए सफल नीलामी हो चुकी हैं वहीं 25 अगस्त को उदयपुर पिपलियान के बेस मेटल ब्लॉक, 24 अगस्त को राजसमंद खाखलियाखेरा के बेस मेटल एवं एसोसिएटेड मिनरल और सीकर नीम का थाना के न्योराना दांडेला के आयरन ओर ब्लॉक की सफल ई-नीलामी होने से विभाग उत्साहित है।

### निर्वाचन कार्य मे लापरवाई करने पर बीएलओ निलंबित

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सबलगढ़ मतदान केंद्र के एक बीएलओ को निर्वाचन कार्य मे लापरबाई बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करने के लिये चुनाव आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 03 सबलगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 85 के बीएलओ सुनील कुमार शर्मा द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय बेरईगिर्द के प्राथमिक शिक्षक सुनील कुमार शर्मा को बीएलओ नियुक्त किया है। इनके द्वारा मतदाता सूची के कार्य में गंभीर लापरवाही की गई। जिसके संबंध में खण्ड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी ने कारण बताओ पत्र जारी कर वस्तुस्थिति के बारे में पूछा है। सुनील कुमार शर्मा ने शासकीय कार्य में रूचि नहीं ली, जबकि विद्यालय में भी अनुपस्थित होना बताया गया। सभी साक्ष्यों का मानते हुये बीएलओ सुनील कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### अवैध हथियारों के साथ राजस्थान निवासी दो व्यक्तियों समेत तीन गिरफ्तार

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले की जुलवानिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आज राजस्थान निवासी दो व्यक्तियों समेत तीन लोगों को अवैध रूप से निर्मित 40 हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने आज शाम पत्रकार वार्ता में बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस दल ने जुलवानिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक ढाबे के समीप एक कार से तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली। तलाशी में उनके पास से अवैध रूप से निर्मित 15 देशी पिस्टल और 25 देशी रिवाल्वर मिले। आरोपियों की शिनाख्त राजस्थान के चुरू निवासी नरेंद्र राठौड़ और झुंझुनू जिला निवासी राहुल मेहंदिया तथा बड़वानी जिले के पलसूद थाना क्षेत्र के अवैध हथियार निर्माण के लिए कुख्यात ग्राम उंडी खोदरी निवासी हथियार निर्माता सतपाल बरनाला के रूप में हुई। राजस्थान निवासी आरोपियों ने बताया कि वे सतपाल से हथियार खरीद कर अपने क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचते थे। जुलवानिया के थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी ने बताया कि राजस्थान के आरोपियों ने हथियार खरीदने के लिए भी सोशल मीडिया का सहारा लिया और वह इसी प्लेटफार्म के जरिए अपने क्षेत्र में हथियारों को बेचते हैं। उन्होंने बताया कि वह पूर्व में भी इस क्षेत्र से हथियार ले जा चुके हैं। उन्हें शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# लद्दाख के लोगों की दबाई जा रही है आवाज : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया है, लेकिन वहां लोगों का हक छीनकर उनकी आवाज दबाई जा रही है।

लद्दाख का दौरा कर रहे श्री गांधी ने ट्वीट किया, लद्दाख के कोने- कोने में गया और युवाओं से, माताओं-बहनों से, ग़रीब लोगों से बात की। दूसरे नेता हैं जो सिर्फ़ अपने मन की बात करते हैं, मैं आपके मन की बात सुनना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, चीन ने हिंदुस्तान की हज़ारों किमी ज़मीन छीन ली है। प्रधानमंत्री इस बात को नकार कर झूठ बोल रहे हैं, ये लद्दाख का हर व्यक्ति जानता है।

गांधी ने कहा, लद्दाख के मुख्य मुद्दे हैं - यहां के लोगों की राजनीतिक आवाज़ दबाई जा रही है, रोज़गार के लिए सरकार के सभी वादे झूठे निकले। मोबाइल नेटवर्क और हवाई सुविधा की कमी। लोगों की राजनीतिक आवाज को नहीं सुना जाता है और राजनेताओं की आवाज को दबाया जा रहा है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया, लेकिन लोगों को उनके अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। सेल फोन है, लेकिन नेटवर्क नहीं होता। एयर पोर्ट है, लेकिन हवाई उड़ान नहीं है। इस तरह से लद्दाख के लोगों के अधिकारों को छीना जा रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा, इन सभी मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। इस यात्रा में हुए स्वागत और मोहब्बत के लिए लद्दाख को बहुत बहुत धन्यवाद।

### राहुल ने किया शहीदों को नमन



लद्दाख की यात्रा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में कारगिल जाकर शहीदों को शुक्रवार को नमन किया और कहा कि कारगिल सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि साहस और बलिदान की वीरगाथा है। गांधी ने कहा, कारगिल सिर्फ़ एक जगह नहीं, एक वीरगाथा है। हमारे अनेक जवान की कर्मभूमि, उनके साहस और बलिदान की सरजमीं है।यह भारत का गौरव है और हर भारतीय की देश के प्रति ज़िम्मेदारी का एहसास है। कारगिल युद्ध के सभी वीर सेनानियों और शहीदों को मेरा शत शत नमन। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर लद्दाख के लोगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा, भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए राहुल गांधी लद्दाख के लोगों से मिले। यात्रा की भावना के अनुरूप उन्होंने उनकी मन की बातें सुनीं। इन समस्याओं को सुनकर स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार ने लद्दाख को उसके हाल पर छोड़ दिया है। जिन नेताओं को केवल अपने मन की बात में दिलचस्पी है, वे कभी भी जनता की आवाज़ को सुनने नहीं देंगे।

### बंगाल में तिहरे हत्याकांड के दोषी को मृत्युदंड

बहरामपुर। पश्चिम बंगाल में बहरामपुर की फास्ट ट्रैक अदालत ने राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में पांच साल पहले एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी युवक को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। फास्ट ट्रैक अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी उत्पल बेहरा को दोषी ठहराया था और मंगलवार को उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पेशे से राजमिस्त्री 30 वर्षीय बेहरा ने 08 अक्टूबर-2018 को जियागंज के लेबुबागन गांव में बंधु प्रसाद पाल (35), उनकी गर्भवती पत्नी ब्यूटी पाल (30) और उनके सात साल के बेटे अंगन की बेरहमी से हत्या कर दी थी। बेहरा ने पाल को दो बीमा पॉलिसियों के लिए प्रीमियम के रूप में 48,000 रुपये का भुगतान किया था, जिन्होंने केवल पहली पॉलिसी की रसीद दी थी। उन्होंने दूसरी पॉलिसी की रसीद देने से इनकार कर दिया, जिसके लिए बेहरा ने 24,000 रुपये का प्रीमियम भुगतान किया था। इस बात को लेकर पाल और बेहरा में अक्सर झगड़ा होता रहता था जिसके कारण उसने हत्या का इरादा किया। उसे फरवरी- 2022 में सागरदिघी के साहपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया था।

# फर्जी शिक्षक प्रकरण का जिन्न फिर आया बाहर

### सरकार से मांगी जांच रिपोर्ट



**नैनीताल।** उत्तराखंड में फर्जी शिक्षक प्रकरण का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार से जांच की प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने के निर्देश दिये हैं।

अदालत ने कहा है कि सरकार बताये कि प्रदेश में कितने फर्जी शिक्षक पाये गये हैं और उनके खिलाफ क्या कार्यवाही अमल में लायी गयी है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में काठगोदाम दमुवाढ़ूंगा की स्टूडेंट गार्जियन वेलफेयर कमेटी की ओर से दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता त्रिभुवन पांडे की ओर से कहा गया कि अदालत ने वर्ष 2020 में सरकार को निर्देश दिये थे कि तीन महीने के अदंर शिक्षा महकमे में तैनात सभी शिक्षकों के दस्तावेजों और डिग्रियों की जांच फर्जी दस्तावेज के बल पर तैनात आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायें। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि सरकार ने अभी तक इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाये हैं। अदालत ने इसे गंभीरता से लिया और सरकार को निर्देश दिये कि वह जांच की प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करे और कितने फर्जी शिक्षक पाये गये हैं और उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है।

अदालत ने फर्जी शिक्षकों के पूरी सूची अदालत में उपलब्ध कराने को भी कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई पांच अक्टूबर को होगी।

लगभग तीन साल सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि अभी तक प्रदेश में 87 फर्जी शिक्षकों की पहचान हुई है। इनमें से 61 के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की गयी है। तीन शिक्षकों के दस्तावेज एसआईटी जांच में फर्जी पाये गये लेकिन विभागीय जांच के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी गयी।

सरकार की ओर से अदालत के समक्ष यह भी बात रखी गयी कि प्राइमरी शिक्षा के तहत प्रदेश में कुल 33065 शिक्षक तैनात हैं।

### तीन महीने में लोकायुक्त की नियुक्ति करे सरकार

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को लोकायुक्त की नियुक्ति के मामले में अंतिम मोहलत देते हुए तीन महीने के अंदर लोकायुक्त की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने लोकायुक्त कार्यालय में तैनात 17 कर्मचारियों को लोकायुक्त मद से वेतन देने पर भी रोक लगा दी है। हल्द्वानी गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल को युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया है। अदालत के आदेश के बावजूद आज तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की गयी है। दूसरी ओर सरकार से लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए अदालत से छह महीने की अतिरिक्त मोहलत मांगी गई जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है और तीन महीने के अंदर नियुक्ति करने की निर्देश दिए। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि लोकायुक्त कार्यालय में कुल 26 कर्मचारी तैनात हैं। इनमें से नौ कर्मचारी रेरा में काम कर रहे हैं। शेष 17 कर्मचारियों को लोकायुक्त फंड से वेतन दिया जा रहा है।

# ईडी का समन रद्द करने की गुहार लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत

**नयी दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देते हुए उसे रद्द करने की गुहार लगाई।

सोरेन ने अपनी याचिका में ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह समन उनकी छवि, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई झारखंड सरकार और वहां के लोगों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है।

उन्होंने अन्य प्रार्थनाओं के अलावा मनी



लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की।

ईडी ने सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। ईडी राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग के दो बड़े मामलों की जांच कर रही है। पहला मामला राज्य में अवैध खनन से जुड़ा है। एजेंसी ने पिछले साल 17 नवंबर को खनन मामले में सोरेन से पूछताछ की थी।

दूसरा मामला राज्य की राजधानी रांची में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है। कथित जमीन के मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी सी रंजन और दो व्यापारियों सहित तेरह लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए श्री सोरेन को 14 अगस्त को रांची स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था। तब उन्होंने इसे 'राजनीति से प्रेरित' मामला बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। उन्होंने समन पर सवाल उठाया था और एजेंसी से इसे वापस लेने को कहा था।

एजेंसी ने हालांकि श्री सोरेन के दावों को खारिज कर दिया था और दूसरा समन जारी कर एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा था।

# फर्जी जन्मतिथि मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

श्रीनगर। कश्मीर अपराध शाखा (सीबीके) की आर्थिक अपराध इकाई (ईओडब्ल्यू) ने कथित तौर पर फर्जी जन्मतिथि प्रमाण पत्र (डीओबी) पेश करने के आरोप में आठ आरोपी लोगों के खिलाफ शहर मुंसिफ श्रीनगर की अदालत में आरोप पत्र दायर किया है।

शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार आरपीसी की धारा 420, 420/511, 202, 468 एवं 471 के तहत दंडनीय अपराधों में उनकी कथित संलिप्तता के लिए शहर मुंसिफ श्रीनगर की अदालत के समक्ष आठ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ पी/एस क्राइम ब्रांच कश्मीर की एफआईआर संख्या 28/2021 के मामले में आरोप पत्र दायर किया गया।

बयान में कहा गया है कि मामले का संक्षिप्त तथ्य यह है कि कश्मीर अपराध शाखा को कृषि उत्पादन विभाग (कृषि निदेशक कश्मीर द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के आधार पर) से एक शिकायत मिली थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त विभाग के 12 अधिकारियों ने सरकारी सेवा में उनकी प्रारंभिक नियुक्ति के समय फर्जी जन्मतिथि प्रमाण पत्र जमा किए थे। तदनुसार, 2021 में पी/एस क्राइम ब्रांच कश्मीर में तत्काल मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान यह पाया गया कि 12 आरोपियों में से आठ ने अपनी प्रारंभिक नियुक्ति के समय फर्जी और जाली जन्मतिथि प्रमाण पत्र जमा करके विभाग को धोखा दिया है। धोखे के परिणामस्वरूप वे सेवा में बने रहे और गैरकानूनी तरीके से सेवानिवृत्ति पर उनकी सेवानिवृत्ति की वास्तविक आयु से परे रोजगार के लाभ भी प्राप्त किए। इसमें लिखा है कि इन आठ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ न्यायिक निर्धारण के लिए सक्षम क्षेत्राधिकार वाली अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है।

### रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में बाघिन टी-107 ने दिया श्रावको को जन्म

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर संभाग के विश्वप्रसिद्ध रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से आई खुशखबरी के अनुसार बाघिन टी-107 सुल्ताना ने शावकों को जन्म दिया है। नाका शेरपुर के काली तलाई के पास शुक्रवार को बाघिन टी-107 एक शावक के साथ कैमरा ट्रैप में कैद हुई है। वनाधिकारियों के अनुसार बाघिन के एक से ज्यादा शावकों को जन्म देने की संभावना है। बाघिन टी-107 बाघिन टी-39 की बेटी है जिसकी उम्र करीब सात साल है। बाघिन टी-107 ने तीसरी बार शावक को जन्म दिया है। वनाधिकारियों की ओर से फील्ड स्टॉफ को सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग व ट्रैकिंग के लिए निर्देश दे दिए गए हैं।

# पुलिस ने 54 वांछित नशा तस्करों को भेजा जेल

श्रीनगर। पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में स्वापक औषधियों और मनःप्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम (पीआईटी एनडीपीएस) अधिनियम और सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत अवैध तस्करी की रोकने के लिए 54 वांछित एवं कुख्यात ड्रग तस्करों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजा है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि बारामूला पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान केन्द्रशासित प्रदेश में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ और समाज से नशीले पदार्थों के खतरे को खत्म करने के लिए जारी एक अभियान में सक्षम अधिकारियों से औपचारिक आदेश प्राप्त करने के बाद जिले में पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम और पीएसए के तहत 54 ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और विभिन्न जेलों में बंद कर दिया है। पुलिस के मुताबिक ड्रग तस्कर जिले के उरी, पट्टन, बारामूला, क्रीरी और तंगमर्ग उप प्रभागों में सक्रिय थे। पुलिस ने बताया कि इन ड्रग तस्करों के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और वे जिले के स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीले पदार्थों के व्यापार को बढ़ावा देने में शामिल थे।

# नवीन पटनायक ने बीएमसी में 416 नए पदों को दी मंजूरी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के लिए 416 नए पदों को मंजूरी दी।

पटनायक ने कहा कि विरासत स्थान के ऐतिहासिक गरिमा को संरक्षित करने तथा नगर निगम को और अधिक मजबूत, सक्षम तथा सक्रिय बनाने के लिए यह पहल की गयी है।

मुख्यमंत्री के कार्यालय सूत्रों ने कहा कि बीएमसी को मजबूत करने के उद्देश्य से इसमें पदों की संख्या 210 से बढ़ाकर 626 कर दी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिरिक्त आयुक्त की संख्या पहले एक से बढ़ाकर चार, उपायुक्त में तीन से बढ़ाकर 16, सहायक स्वच्छता आयुक्त की संख्या



चार से बढ़ाकर 13 और नागरिक कार्यकारी अधिकारी के लिए संख्या दो से बढ़ाकर छह कर दी गयी है।

इसके अलावा, वित्त विभाग में 11 नए पदों और क्षेत्रीय आयुक्त में छह, इंजीनियरिंग विभाग में 17, सामाजिक कल्याण विभाग में 13, प्रवर्तन विभाग में 19 और वार्ड कार्यालय सेक्शन में 187, जल-निकासी विभाग में 12, स्वच्छता विभाग में पांच और वार्ड अधिकारी के लिए 67 नए पद सृजित किए गए हैं।

### धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में बाबी पंवार साथियों समेत गिरफ्तार

**बागेश्वर/नैनीताल।** उत्तराखंड की बागेश्वर पुलिस ने शुक्रवार को उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार और उनके लगभग दस साथियों को धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया है। कांग्रेस ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया है। बागेश्वर पुलिस के अनुसार उप चुनाव और आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर विगत आठ अगस्त से बागेश्वर में धारा 144 लागू है। पंवार और उनके साथियों की ओर से जानबूझ कर धारा 144 का उल्लंघन किया गया है। पुलिस का दावा है कि उसे सूचना मिली थी कि पंवार अपने साथियों के साथ बागनाथ मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता और जनसभा करने वाले हैं।

# अरुणाचल के राज्यपाल का शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी को बढ़ावा देने पर बल

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने युवाओं की भागीदारी में बढ़ोतरी के लिए राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी को बढ़ावा देने पर शुक्रवार को बल दिया।

परनायक ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र को इस प्रमुख युवा विकास संगठन का हिस्सा बनना चाहिए।

राज्यपाल ने ये बातें राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) निदेशालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल गगन दीप से आज राजभवन में मुलाकात के दौरान कही। बैठक के दौरान, राज्यपाल और दीप ने



एनसीसी गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की। राज्यपाल ने युवाओं को इसमें जोड़ने के साथ-साथ राज्य के छात्रों में राष्ट्रीय गौरव, अनुशासन और नेतृत्व कौशल का निर्माण करने में एनसीसी की भूमिका की सराहना की। राज्यपाल ने यह भी सुझाव दिया कि एडीजी एनसीसी अरुणाचल प्रदेश में अपने अधिकारियों को कैडेटों को प्रशिक्षित करने के लिए एक ठोस उपाय करने की सलाह दें जिससे वे सक्षम बन सकें, गणतंत्र दिवस परेड की अर्हता प्राप्त कर सकें और अंतत: भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल हो सकें। एनसीसी के एडीजी ने राज्यपाल को राज्य में एनसीसी की गतिविधियों से अवगत कराया और एनसीसी निदेशालय के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने एडीजी को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में एनसीसी को ज्यादा कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए सहायक कर्मचारी, प्रशिक्षण सुविधाएं और कार्यालय प्रदान करेगी।

# खेडां वतन पंजाब दीया सीज़न 2 की मशाल का जालंधर में किया स्वागत

जालंधर। पंजाब सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति पैदा कर उभरते खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के उदेश्य से खेडां वतन पंजाब दीया सीजन-2 की मशाल शुक्रवार को राज्य की खेल राजधानी जालंधर पहुंची।

होशियारपुर जिले से होते हुए सुबह पहले आदमपुर में मशाल का स्वागत किया गया, जिसके बाद जालंधर के सर्किट हाउस में सांसद सुशील रिंकू, विधायक रमन अरोड़ा, ओलंपियन सुरिंदर सिंह सोढ़ी और अतिरिक्त उपायुक्त जनरल अमित महाजन ने मशाल का स्वागत किया।

इस अवसर पर रिंकू ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में इन खेलों की शुरुआत पिछले साल जालंधर से की गई थी, जिससे राज्य के युवाओं एंव छात्रों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच मिला।

विधायक रमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा करवाए जा रहे यह खेल खुशहाल समाज के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

ओलंपियन सुरिंदर सिंह सोढ़ी ने भी इन खेलों को पंजाब के लिए आगे बढ़ने का रास्ता बताया और कहा कि इससे उभरते खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई कर सकेंगे।

मशाल मार्च के नेतृत्व में आदमपुर में अमन घई अंतराष्ट्रीय तैराक जोकि खेलों में स्वर्ण पदक विजेता रहे, जबकि जालंधर में एथलीट संदीप सिंह ने पहलवान प्रदीप कुमार के साथ हाल ही में आयोजित विश्व पुलिस खेलों में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। नव अतवार राणा एथलीट और अमरीक सिंह वैटरन एथलीट ने किया। मशाल मार्च सर्किट हाउस से बीएसएफ चौंक से होते हुए कपूरथला जिले में पहुंचा।

# सवा करोड़ रूपए का अवैध डोडा चूरा बरामद, एक गिरफ्तार

एजेंसी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर की आदर्शनगर थानापुलिस ने मांगलियावास पुलिस की सूचना पर एक ट्रक से सवा करोड़ रूपये का अवैध मादक पदार्थ डोडा बरामद किया है। अजमेर पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने आज आदर्शनगर थाने पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मांगलियावास पुलिस के सुनील टाडा एवं अन्य की सूचना पर अजमेर में आदर्शनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक को नाकाबंदी कर रोका और तलाशी ली तो उसमें से 220 कट्टों में 4118 किलो डोडा बरामद हुआ , जिसका बाजार मूल्य सवा करोड़ रुपये है।

## शार्ट न्यूज

### उड़ान वेलफेयर संस्था ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया



आज उड़ान वेलफेयर संस्था ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए बच्चों ने युवाओं ने केक काटकर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास से मनाया कार्यक्रम में प्रमुख खुशी की बात यह रही बेटी आरूषी शर्मा पर गर्व महसूस किया गया इसरो केंद्र में टीम थी उसका एक हिस्सा रही कार्यक्रम में मुख्य रूप से उड़ान वेलफेयर संस्था के अध्यक्ष प्रवीण धीमान, उप चेयरमैन सुखविंदर , समाज सेवक सुनील कुमार व रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) , खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता व लीगल हैड अरुण बिडलान एडवोकेट उपस्थित रहे व अंबाला की बेटी आरुषि शर्मा के लिए खुशी जाहिर की गई व बच्चों को आरूषी शर्मा को एक आइडल के रूप में लेने का विचार दिया गया, अरुशि शर्मा, इसरो टीम 2023 की सदस्य वैज्ञानिक है।

### स्कूल में मिड डे मिल खाने से 60 बच्चे बीमार, सभी अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल में करीब 60 बच्चे मिड डे मिल खाने से बीमार हो गए। सागर पुर थाना पुलिस ने बताया कि दुर्गा पार्क पॉकेट 7 द्वारका गली नंबर एक स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में यह घटना घटी है। जानकारी मिली है कि मिड डे मिल के बाद बच्चों को पैक्ड जूस बांटा गया था, जिसे पीने के बाद एका एक करीब 60 बच्चों की तबीयत खराब हो गई। पुलिस ने सभी पीड़ितों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। दिल्ली सरकार ने मिल डे मिल प्रोवाइडर को शो कॉज नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे में जवाब मांगा है। सरकार का कहना है कि जिसकी भी गलती होंगी उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया कि सभी बच्चे अभी स्टेबल हैं। इसके अलावा दिल्ली में सभी मिड डे मिल प्रोवाइडर को चेतावनी जारी की गई है वो बच्चों के खाने-पीने की चीजों को लेकर कोई लापरवाही न बरते।

### दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोदीनगर।** मोदीनगर में गांव नाहली में दो मकानो में हुई चोरी का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गांव नाहली निवासी लियाकत व डॉ. नफीस ने भोजपुर थाने में सूचना दी कि बदमाश घर में चोरी करके जेवरात चोरी करके ले गए हैं। सूचना मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी करने वाले दो बदमाशों का गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम परवेज उर्फ भूरा उर्फ चंगुल व बाबू निवासी गांव नाहली बताया है। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। पकड़ा गया बदमाश परवेज भोजपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर विभिन्न थानों में 36 मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा बाबू पर चार मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने धोखाधड़ी व हरिजन एक्ट के मामले में विनीत निवासी गांव सुजानपुर अखाड़ा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### ओला ड्राइवर से मोबाइल और कैश लूटा

**मोदीनगर।** मोदीनगर में ऑनलाइन कैब बुक करके तीन बदमाशों ने दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर चालक को बंधक बनाकर नगदी व मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। चालक द्वारा ईंट से हमला करने पर बदमाश कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। मेरठ के थाना नौचंदी के नेहरू नगर कॉलोनी निवासी विशाल कुमार ओला कंपनी में कैब चलाने का काम करता है। विशाल ने बताया कि वह सुबह तीन बजे के आसपास राजनगर एक्सटेंशन में था। इसी बीच गाजियाबाद से लालकुंआ से मेरठ परतापुर जाने के लिए बुकिंग आई। विशाल कैब लेकर लालकुआं पहुंच गए। इसके बाद तीन युवक कार में बैठ गए और मेरठ जाने के लिए दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे से चल दिए। जब वह एक्सप्रेस वे पर भोजपुर टोल के पास पहुंचे तो युवकों ने एक साथी के आने की बात कहकर कार रुकवा ली। इसके बाद चालक ने कार को साइड में रोक दिया। इसी बीच कार सवार एक युवक ने चालक विशाल का गला दबा लिया और जेब में रखे 3500 रुपए व मोबाइल लूट लिया। इतना ही नहीं कार की चाभी भी अपने कब्जे में ले ली। चालक ने हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह कार का दरवाजा खोलकर सड़क पर आ गया।

### स्लम बच्चों को एसीपी ने पढ़ाया चंद्रयान का पाठ

नोएडा। स्लम बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से नोएडा पुलिस द्वारा नन्हें परिंदे अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को एसीपी-1 नोएडा रजनीश वर्मा ने स्लम के बच्चों को चंद्रयान-3 मिशन के बारे में सरल भाषा और पेंटिंग के जरिए जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से हमारे देश के वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान 3 को चांद पर भेजा गया। उक्त मिशन द्वारा किये जाने वाले कार्य से भी अवगत कराया गया। ये जानकारी उन्होंने बच्चों को बहुत ही आसान भाषा और खेल खेल में बताई। बच्चे चंद्रयान की जानकारी पाकर काफी उत्साहित हुए। इसके बाद उन्होंने चंद्रयान की पेंटिंग भी बनाई। बच्चों द्वारा एसीपी-1 रजनीश वर्मा को रॉ मटेरियल द्वारा चंद्रयान-3 का एक स्मृति चिन्ह बनाकर भेंट किया गया। उन्होंने खुद पेंटिंग के जरिए बच्चों को बताया कि चांद पर विक्रम लैंडर से बाहर आया प्रज्ञान क्या क्या काम करेगा। पानी की तलाश करेगा। वहां मौजूद मिट्टी और धातुओं की जानकारी देगा। बच्चों के एक-एक प्रश्न का जवाब भी दिया। इसके बाद किसी बच्चे के मन में कोई शंका न रहे इसके लिए उन्होंने कुछ बच्चों से चंद्रयान के बारे में जानकारी भी ली। ये मुहिम नोएडा कमिश्नरेट की ओर से चलाई जा रही है। जिसमें एक वैन स्लम बच्चों को उन्हीं के पास जाकर नई-नई जानकारी देती है।

### लूटपाट करने वाला वांछित गिरफ्तार

नोएडा। लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले वांछित लुटेरा को नोएडा की थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने छपरौली कट स्टैंड सेक्टर-168 से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान वीरेंद्र पुत्र लायक राम निवासी बुलंदशहर हुई है। ये अपने बाकी साथियों के साथ मिलकर एक्सप्रेस वे और सुनसान इलाकों में राह चलते लोगों को लिफ्ट देकर उनसे लूटपाट करते थे। पुलिस ने बताया कि 30 जनवरी 2021 को इसने अपने साथियों के साथ मिलकर थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र से एक व्यक्ति की लिफ्ट दी उसे पहले घुमाया इसके बाद उससे 02 अंगूठी, चैन, 10,600 रुपए, घड़ी व जैकेट लूट ली थी। जांच में दो बदमाशों अरुण उर्फ अन्नि पुत्र सोहन पाल व मनोज पुत्र देवी राम निवासी बिलासपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर लिया गया। इन दोनों को 5 मार्च 2021 को जेल भेज दिया गया था। इनका मुख्य साथी वीरेंद्र तभी से फरार था। पुलिस जब भी दबिश देने जाती ये मौका पाकर फरार हो जाता था। गोपनीय सूचना पर पुलिस ने सेक्टर-168 के पास से इसे गिरफ्तार किया। आपराधिक रिकार्ड खंगाला गया। जिसमें थाना सेक्टर-24 में इसके खिलाफ चार मुकदमे, सेक्टर-39 थाने में तीन और एक्सप्रेस वे थाने में दो और अलीगढ़ के थाना गांधी पार्क में तीन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने इसके पास से एक चाकू बरामद किया है।

---

आतिशी के सी.एस. को लेकर उपराज्यपाल को भेजे नोट का मामला

# केजरीवाल सरकार को दिल्ली के विकास की कोई चिंता नहीं : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि जैसी कि उम्मीद थी, अरविंद केजरीवाल सरकार ने नौकरशाही के साथ एक नया सत्ता संघर्ष शुरू कर दिया है।

मंत्री आतिशी द्वारा उपराज्यपाल को भेजा गया नोट इस मामले का संकेत है कि केजरीवाल सरकार को दिल्ली के विकास की कोई चिंता नहीं है और वह समन्वित शासन में विश्वास नहीं करती है।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि हमने बार-बार कहा है और मैं फिर से दोहराता हूं कि आम आदमी पार्टी विकास सुनिश्चित करने के लिए नहीं बल्कि प्रशासन को पार्टी विस्तार के लिए चुनावी धन जुटाने का एक उपकरण बनाने के लिए नौकरशाही और पुलिस पर पूर्ण नियंत्रण चाहती है।

> ▸ यह लड़ाई दिल्ली के विकास या लोगों की भलाई के लिए नहीं है, बल्कि आम आदमी पार्टी के 2024 और 2025 के अखिल भारतीय चुनावों के लिए धन जुटाने के लिए नौकरशाही को नियंत्रित करने की है : वीरेंद्र सचदेवा

सचदेवा ने कहा है कि 1967 से 1993 तक दिल्ली में विधानसभा नहीं थी और स्थानीय सरकार के रूप में केवल एक मुख्य कार्यकारी पार्षद और 3 कार्यकारी पार्षद थे, फिर भी दिल्ली में अधिकतम विस्तार और विकास हुआ। इसके बाद 1993 में जब दिल्ली को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा वाली विधानसभा मिली तो नौकरशाही ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित शक्तियां उपराज्यपाल के पास थीं, लेकिन तत्कालीन भाजपा और कांग्रेस सरकारों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, उपराज्यपाल और मुख्य सचिव के साथ समन्वय में काम किया और लोक कल्याण एजेंडे का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि पिछले 8 साल से केजरीवाल सरकार उपराज्यपाल एवं नौकरशाही से टकराव कर रही है लेकिन नौकरशाही में से किसी ने भी उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त पानी और बिजली की मुख्य मुफ्त योजनाओं को नहीं रोका है।

केजरीवाल अपनी दागी आबकारी शुल्क नीति भी ला सके थे जिसे बाद में जांच के आदेश के बाद उन्होंने वापस ले लिया।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि लड़ाई दिल्ली के विकास या लोगों की भलाई के लिए नहीं है, बल्कि आम आदमी पार्टी के 2024 और 2025 के अखिल भारतीय चुनाव अभियानों के लिए धन जुटाने के लिए नौकरशाही को नियंत्रित करने की है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

## एक सितंबर तक बढ़ी अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन को राहत देते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी अंतरिम जमानत शुक्रवार को एक सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय ने की है। जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने जैन की मेडिकल रिपोर्ट पर ध्यान देने के बाद उन्हें राहत दी। शीर्ष अदालत ने 24 जुलाई को जैन को दी गई अंतरिम जमानत पांच सप्ताह के लिए बढ़ाई थी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अंतरिम जमानत बढ़ाने का कड़ा विरोध किया। शीर्ष अदालत ने 26 मई को जैन को चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा था कि एक नागरिक को अपने खर्च पर निजी अस्पताल में अपनी पसंद का इलाज कराने का अधिकार है।

ईडी ने जैन को कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने जैन को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 2017 में उनके खिलाफ दर्ज की गई सीबीआई एफआईआर के बाद गिरफ्तार किया था।

# गाजियाबाद में आईजीएल की पाइप लाइन में गैस रिसाव

एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पाइप लाइन में शुक्रवार को गैस रिसाव हो गया। कंपनी के इंजीनियरों ने पहुंचकर लीकेज बंद किया।

इधर, फायर फाइटर्स भी सारे उपकरणों के साथ मौजूद रहे, ताकि कोई अग्निकांड न हो सके। बेहतर सामंजस्य और सक्रियता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारीराहुल पाल ने बताया, शुक्रवार दोपहर 1.18 बजे सूचना मिली कि वैशाली सेक्टर-3 में अंब्रोसिया पैलेस के पास गैस पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। इस सूचना पर तुरंत फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन अधिकारी सहित एक फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। वहां जाकर देखा तो आईजीएल पाइप लाइन से गैस का रिसाव बहुत तेजी से हो रहा था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से हौजलाइन फैलाकर रिसाव की जगह पर पानी डाला, जिससे आग ना लगे।

इसी दौरान आईजीएल के इंजीनियर पूरी टीम को लेकर पहुंच गए। उन्होंने पाइप से गैस रिसाव को बंद किया। तब तक फायर फाइटर्स ने घेरा बनाकर लोगों को वहां आने से रोक दिया।

इस दौरान आसपास के लोगों में दहशत रही। लीकेज नहीं जुड़ने तक उन्होंने अपने घरों के चूल्हे भी नहीं जलाए। सीएफओ ने बताया कि सक्रियता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# मालीवाल ने दुष्कर्म के आरोपी अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की

**नयी दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में उप निदेशक पद पर नियुक्त दुष्कर्म के आरोपी अधिकारी को बर्खास्त करने की शुक्रवार को मांग की।



मालीवाल ने आज कहा, आरोपी पर एक नाबालिग लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप है। यह तथ्य कि अन्य महिलाओं ने भी आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति ने उनके कार्यस्थल पर उनका यौन उत्पीड़न किया था, सरकार के भीतर उसके आचरण पर गंभीर सवाल उठाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी एक सिलसिलेवार अपराधी हो सकता है और महिला एवं बाल विकास जैसे संवेदनशील विभाग में तैनात होने के कारण बड़े पैमाने पर महिलाओं और बच्चों तक उसकी पहुंच की कल्पना करना डरावना है। आरोपी को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए कि महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण और शिक्षा विभाग जैसे संवेदनशील विभागों में कोई भी दागी अधिकारी तैनात न हो। मुझे उम्मीद है कि सरकार हमारी सिफारिशों पर विचार करेगी और मामले में तत्काल और आवश्यक कार्रवाई करेगी।

महिला के आयोग के अनुसार आरोपी के खिलाफ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में पहले भी चार शिकायतें दर्ज की गई थीं। तीन शिकायतें तीन अलग-अलग महिलाओं द्वारा दी गईं, जबकि चौथी शिकायत गुमनाम थी। तीनों शिकायतकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। एक आवेदन माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निस्तारित कर दिया गया था जबकि शेष दो अभी भी वहां लंबित हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को अपनी सिफारिशों में आरोपी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है क्योंकि उस पर एक नाबालिग लड़की के खिलाफ बलात्कार के संगीन अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्होंने यह भी सिफारिश की है कि सरकार को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के तहत एक नई मजबूत आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना चाहिए, जिसमें लैंगिक मुद्दों पर काम करने वाले प्रमुख गैर सरकारी संगठनों के और अधिक बाहरी विशेषज्ञ शामिल हों। यह समिति दिल्ली सरकार में तैनात अधिकारियों के खिलाफ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की सभी लंबित शिकायतों की जांच करे और अपनी रिपोर्ट सरकार के साथ-साथ दिल्ली महिला आयोग को तत्काल सौंपे। साथ ही, सरकार को ऐसे अधिकारियों की सूची बनानी चाहिए जिनके खिलाफ महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले लंबित हैं और इसकी तत्काल जांच की जानी चाहिए।

आयोग ने यह भी सिफारिश की है कि ऐसे सभी अधिकारियों का एक डेटाबेस बनाया जाना चाहिए जिनके खिलाफ महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज किए गए हैं। इस डेटा बेस को दिल्ली महिला आयोग के साथ भी साझा किया जाना चाहिए।

# मनीष सिसोदिया को कोर्ट ने दी राहत

## नया बैंक खाता खोलकर सैलरी निकालने की दी इजाजत

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को नया बैंक अकाउंट को नया बैंक अकाउंट खोलकर सैलरी निकालने की अनुमति दे दी है। सिसोदिया को शराब घोटाला में सीबीआई और ईडी दोनों जांच एजेंसियों द्वारा आरोपित बनाया गया है। सिसोदिया के सभी खाते जांच एंजेंसियों ने सीज किए हुए हैं। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। सिसोदिया ने हाल ही में चिकित्सा और अन्य खर्चों के लिए बैंक खाते से कुछ रकम निकालने की अनुमति मांगी थी।



सिसोदिया ने नया बैंक खाता खोलने की आनुमति मांगी थी। मनीष सिसोदिया ने कोर्ट को कहा था कि उनकी पत्नी की तबियत खराब है, उनका अस्पताल में इलाज जारी है। उनके इलाज के लिए और घर खर्च के लिए पैसे की जरूरत है। लेकिन ईडी ने उनका बैंक अकाउंट फ्रिज किया हुआ है। जिसके चलते पैसे निकाल नहीं जा सकते। ऐसे में पत्नी की बीमारी और घर खर्च के लिए पैसे देने में वह असमर्थ हैं।

### 80 टन लोहे का छल्ला बीचों-बीच सड़क पर गिरा

नोएडा। नोएडा में सबसे अधिक व्यस्त सड़क पर करीब 80 टन लोहे का छल्ला बीचों-बीच गिर गया है। इससे वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यातायात पुलिस ने सड़क पर लोहे का छल्ला गिरने के बाद रोड को डाइवर्ट कर दिया है। पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवान सुबह से छल्ला को हटाने की कोशिश में लगे हुए हैं। इसके लिए बड़ी-बड़ी क्रेन मंगवाई गई है। जिसकी मदद से लोहे के छल्ले को किनारे किया गया। जिसके बाद एक-एक कर वाहनों को निकाला जा रहा है।

### वेव सिटी थाने के इंस्पेक्टर सस्पेंड

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने वेव सिटी थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुशवाहा को सस्पेंड कर दिया है। एक स्कूल में छात्राओं से कथित तौर पर छेड़छाड़ और प्रिंसिपल से मारपीट प्रकरण में जांच में ढिलाई बरतने पर ये कार्रवाई होना बताया जा रहा है। सोशल मीडिया सेल के प्रभारी सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार को वेव सिटी थाने का नया इंचार्ज बनाया गया है। दरअसल, शाहपुर बम्हैटा गांव स्थित स्कूल की 50 से ज्यादा छात्राओं ने प्रिंसिपल पर छेड़छाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। उधर, प्रिंसिपल ने भी कुछ लोगों पर स्कूल में घुसकर सिर फोड़ने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है। ये मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। उधर, कई पेरेंट्स पर मुकदमा दर्ज होने के बाद कुछ महिलाएं शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर से मिलीं। महिलाओं ने कहा कि उनकी बेटियों से छेड़छाड़ हो रही थी। बेटियों ने आवाज उठाई तो प्रिंसिपल ने उनके पेरेंट्स पर ही झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि इसमें सत्ता पक्ष के कुछ लोग प्रिंसिपल का साथ दे रहे हैं। प्रिंसिपल को पॉक्सो के तहत जल्द जेल भेजा जाना चाहिए। पुलिस कमिश्नर ने निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गाजियाबाद में करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में अंडर कंस्ट्रक्शन साइट पर शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत हो गई।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त निमिष पाटिल ने बताया, विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित सिद्धार्थ विहार में टीएंडटी कंस्ट्रक्शन साइट है, जहां पर डी-होम्स हाउसिंग सोसाइटी पर काम चल रहा है। यहां शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे काम करते वक्त तीन मजदूरों को करंट लग गया। तुरंत उन्हें नजदीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीनों मृतक पश्चिम बंगाल में अलग-अलग जगहों के रहने वाले थे।

पुलिस का उनके परिजनों से संपर्क हो गया है। एसीपी ने बताया, इस संबंध में मृतकों के परिजनों की तरफ से जो शिकायत दी जा रही है, उस पर तुरंत मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दे दिया गया है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय ईसी की 1267 वीं बैठक आयोजित

## वित्त समिति की सिफारिशों को भी प्रदान की गई स्वीकृति

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1267 वीं बैठक का आयोजन शुक्रवार, 25 अगस्त को विश्वविद्यालय के कान्वेंशन हाल में हुआ। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा की गई। ईसी की बैठक के दौरान विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 17 अगस्त, 2023 को आयोजित हुई बैठक में की गई सिफारिशों पर भी विचार उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।



इसके तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए विश्वविद्यालय के गैर-लेखापरीक्षित वार्षिक खातों, हॉल और छात्रावास, भविष्य निधि व राष्ट्रीय पेंशन योजना को स्वीकार करके अनुमोदन किया गया।

इसके साथ ही भवन निर्माण समिति की अनुशंसाओं को भी स्वीकृत प्रदान की गई। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुछ विभागों के बजट अनुमानों के संशोधन को भी स्वीकार किया गया।

बैठक के दौरान एक सदस्य द्वारा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ की फीस पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कुलपति ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय सहायता योजना के तहत फीस में 90 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान रखा गया है।

# अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में 50 एमओयू साइन

## मेडिकल वेल्यू ट्रेवल पर अनुसंधान करेगा गाजियाबाद का यशोदा हॉस्पिटल

**गाजियाबाद।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से गुजरात के गांधीनगर में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में गाजियाबाद के यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी ने भी भाग लिया। इस दौरान लगी वन अर्थ-वन हेल्थ एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया-2023 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में हॉस्पिटल शामिल हुआ।

यशोदा की टीम ने अपने अस्पतालों में उपलब्ध नवीनतम तकनीक के साथ-साथ मेडिकल वैल्यू ट्रैवल सेवाओं का प्रदर्शन किया। यशोदा टीम ने यशोदा मेडीवर्ल्ड, लंदन के साथ अपनी आगामी 1200 बिस्तरों वाली अस्पताल परियोजना यशोदा मेडिसिटी का भी प्रदर्शन किया। इंटरनेशनल मार्केटिंग के अध्यक्ष ज्योति कौर और यशोदा हॉस्पिटल के सीओओ डॉक्टर सुनील डागर अपनी टीम के साथ गांधीनगर में रहे।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर नसुख मंडाविया और जापान के स्वास्थ्य मंत्री कात्सुनोबू काटो ने यशोदा के स्टॉल का दौरा किया। यशोदा हॉस्पिटल के स्टॉल पर विभिन्न देशों के 200 से ज्यादा प्रतिनिधि आए। उनकी बातचीत चिकित्सा यात्रा सेवाओं के महत्व पर केंद्रित थे। प्रतिनिधियों को ये बताया गया कि कैसे यशोदा कौशांबी अपने अंतरराष्ट्रीय रोगियों को उनकी चिकित्सा उपचार यात्रा के दौरान सभी सहायता और देखभाल प्रदान करता है।

ज्योति कौर ने बताया कि हमने 50 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें प्रमुख रूप से एमवीटी (मेडिकल वैल्यू ट्रैवल) क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, एमवीटी क्षेत्र में ज्ञान, विशेषज्ञता और सर्वोत्तम तकनीकी को साझा करना, स्वास्थ्य देखभाल नीतियों के विकास और कार्यान्वयन में सहयोग, स्वास्थ्य सेवाओं के निर्यात से संबंधित संयुक्त विपणन और प्रचार गतिविधियां आदि शामिल हैं।

# ऑनलाइन टास्क के फेरे में गंवाए 1.90 लाख

मोदीनगर। मोदीनगर के गांव बेगमाबाद निवासी मनोज कुमार शर्मा को एक फोन आया और महिला ने खुद को एक कंपनी से एचआर अधिकारी बताते हुए जॉब ऑफर किया। मनोज के ओके करने पर कंपनी की दूसरी महिला ने उसका अकाउंट नंबर जाना है। 300 रुपये उसके खाते में भेजे और इसके बाद शुरू हुआ ठगी का खेल।

ऑनलाइन टास्क के फेरे में फंसते हुए मनोज शर्मा ने अपने 1.90 लाख रुपये गंवा दिए। पीड़ित ने मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रुपये वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामला साइबर सेल के लिए ट्रांसफर कर दिया है। पीड़ित मनोज को नौकरी की जरूरत थी। एचआर अधिकारी और दूसरी महिला से फोन पर बातचीत करने के बाद मनोज के टेलिग्राम पर अमरीता नामक महिला का ग्रुप ज्वाइन करने के लिए मैसेज आया। पीड़ित का कहना है कि इस ग्रुप में लगभग 75 लोग और थे। ग्रुप में जुड़ने के बाद ऑनलाइन टास्क शुरू हुए।

टास्क पूरा करने से पहले प्रत्येक सदस्य से धनराशि जमा कराई जाती थी। उसके बाद उनके खाते में टास्क पूरा करने के बाद रकम भेजी जाती। इन्हीं टास्क को पूरा करते-करते पीड़ित ने पीड़ित ने 34 हजार रुपये जमा किए।

# संपादकीय



# परीक्षा के पायदान

परीक्षाओं को आसान बनाने से विद्यार्थियों के सीखने-पढ़ने के अनुशासन पर भी असर पड़ता है, वह शिथिल न पड़ने पाए, इसका ध्यान तो रखना ही पड़ेगा। बहुत सारे विद्यार्थियों में परीक्षाओं को लेकर भय इसलिए पैदा होता है कि उन्होंने ठीक से पढ़ाई नहीं की होती है।

परीक्षा का तनाव पिछले कुछ सालों से बच्चों में कुछ अधिक देखा जा रहा है। खासकर बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बहुत सारे बच्चों का आत्मविश्वास डगमगा जाता है। परीक्षा परिणामों के बाद तो और चिंताजनक स्थिति देखी जाती है। ऐसे में वर्षों से उपाय तलाशे जा रहे थे कि किस तरह विद्यार्थियों में परीक्षा का तनाव कम किया जा सके। इसके मद्देनजर पहले पाठ्यक्रम का बोझ कम किया गया, फिर प्रश्नपत्रों को व्यावहारिक और अपेक्षाकृत आसान बनाया गया। मगर फिर भी विद्यार्थियों पर बोर्ड परीक्षाओं का मनोवैज्ञानिक दबाव कम करने में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। इसलिए नई शिक्षा नीति घोषित करने के साथ ही घोषणा कर दी गई कि बोर्ड की परीक्षाएं दो चरण में आयोजित होंगी।

### विद्यार्थियों पर परीक्षा का मनोवैज्ञानिक दबाव कम होगा

अब शिक्षा मंत्रालय ने इसकी रूपरेखा पेश कर दी है। नई पाठ्यचर्या की घोषणा भी कर दी गई है। माना जा रहा है कि इस तरह विद्यार्थियों पर परीक्षा का मनोवैज्ञानिक दबाव कम होगा और उन्हें अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका दो बार मिलेगा। दो चरण में परीक्षा होने से विद्यार्थी पर परीक्षा की तैयारी करने का दबाव भी कम होगा, क्योंकि पहले चरण में पाठ्यक्रम के जिस अंश की वह परीक्षा दे चुका होगा, उससे दूसरे चरण में प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे। इस तरह विद्यार्थी में परीक्षा की तैयारी की निरंतरता भी बनी रहेगी।

### बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ विद्यालयी प्रदर्शन के अंक भी मिलते हैं

हालांकि परीक्षा का तनाव कम करने के मकसद से पहले ही दसवीं और बारहवीं में विद्यार्थियों के स्कूली प्रदर्शन को भी उनके मूल्यांकन से जोड़ दिया गया था। इस तरह उन्हें बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ विद्यालयी प्रदर्शन के अंक भी मिल जाते थे। दसवीं में केवल उसी साल के पाठ्यक्रम से सवाल पूछे जाते हैं, जबकि नौवीं का मूल्यांकन स्कूल खुद करता है। इस तरह पहले से ही बच्चों में बोर्ड परीक्षाओं का भय समाप्त करने का प्रयास चल रहा है। अब दो चरण में परीक्षा होने से उन्हें मनोवैज्ञानिक राहत मिलेगी। इसमें नई पाठ्यचर्या भी उनकी काफी मदद करेगी, क्योंकि इसमें अब बच्चों को अपने परिवेश से सीखने और अपनी रुचि के पाठ्यक्रम का चुनाव करने का अवसर उपलब्ध होगा। अभी तक पाठ्यक्रम ऊंची नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाता था, जबकि अब बच्चों के कौशल विकास पर अधिक जोर होगा। इस तरह पाठ्यक्रम के प्रति बच्चों में रुचि पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, बहुत सारे विद्यार्थियों में परीक्षाओं को लेकर भय इसलिए पैदा होता है कि उन्होंने ठीक से पढ़ाई नहीं की होती है। ठीक से पढ़ाई वही विद्यार्थी नहीं कर पाते हैं, जिनकी पाठ्यक्रम में रुचि नहीं होती। वे अभिभावक और स्कूल के दबाव में पढ़ रहे होते हैं। उनका मन कुछ और करने-पढ़ने का होता है। ऐसे बच्चों के लिए नए पाठ्यक्रम में चुनाव के बेहतर विकल्प होंगे। जो बच्चे बेहतर रोजगार के लिए या फिर ऊंची तकनीकी उपलब्धि की मंशा से पढ़ाई कर रहे होते हैं, उनके लिए भी पहले की तरह सीखने-पढ़ने के अवसर होंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं और विश्वविद्यालयों में दाखिले आदि को लेकर पहले ही केंद्रीकृत व्यवस्था है, इसलिए जो विद्यार्थी उच्च शिक्षण के लिए जाना चाहते हैं, उन्हें भी कोई परेशानी नहीं होगी। दाखिले आदि में ऊंचे अंकों का दबाव पहले ही काफी कम कर दिया गया है। हालांकि परीक्षाओं को आसान बनाने से विद्यार्थियों के सीखने-पढ़ने के अनुशासन पर भी असर पड़ता है, वह शिथिल न पड़ने पाए, इसका ध्यान तो रखना ही पड़ेगा।

# भारतीय झंडे के नीचे नहीं खेल सकेंगे पहलवान कुश्ती

इस साल फरवरी में जब महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गईं, तभी खेल मंत्रालय से इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद की गई थी।

भारतीय कुश्ती महासंघ के चलते एक बार फिर भारत को खेल की दुनिया में किरकिरी झेलनी पड़ रही है। संयुक्त विश्व कुश्ती यानी यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता निलंबित कर दी है। ऐसा उसने भारतीय कुश्ती महासंघ का चुनाव न हो पाने की वजह से किया है। हालांकि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग यानी यूडब्लूडब्लू ने करीब तीन महीने पहले ही पत्र लिख कर चेतावनी दे दी थी कि भारतीय कुश्ती महासंघ पैंतालीस दिनों के भीतर अपने पदाधिकारियों का चुनाव करा ले, नहीं तो उसकी सदस्यता रद्द की जा सकती है।

कुश्ती महासंघ के पदाधिकारियों का चुनाव कायदे से जून महीने में ही हो जाना चाहिए था, मगर कुछ अड़ंगेबाजियों और खेल मंत्रालय की शिथिलता के चलते नहीं हो सका। पहले असम कुश्ती संघ इन चुनावों पर रोक लगाने का अदालती आदेश लेकर आ गया, फिर हरियाणा कुश्ती संघ ने इस पर रोक लगवा दी। फिलहाल कुश्ती महासंघ का कामकाज भारतीय ओलंपिक संघ के पदाधिकारी देख रहे हैं।

यूडब्लूडब्लू के ताजा फैसले के बाद भारतीय पहलवानों के सामने एक नया संकट खड़ा हो गया है। अब वे भारतीय झंडे के नीचे नहीं खेल सकेंगे। उन्हें तटस्थ खिलाड़ी की तरह यूडब्लूडब्लू के झंडे तले खेलना पड़ेगा। अगले महीने से सर्बिया में ओलंपिक के लिए विश्व कुश्ती चैंपियनशिप शुरू हो रही है। छिपी बात नहीं है कि राजनीतिक रस्साकशी के चलते भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके खिलाड़ियों को यह दिन देखना पड़ रहा है।

इस साल फरवरी में जब महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गईं, तभी खेल मंत्रालय से इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद की गई थी। तब मंत्रालय कुछ सक्रिय भी नजर आया था। बृजभूषण शरण सिंह को तदर्थ रूप से उनके पद से हटा कर एक समिति गठित कर दी गई थी, जो पहलवानों की शिकायतों का निपटारा करने वाली थी। मगर वह समिति न केवल निष्क्रिय बनी रही, बल्कि महिला पहलवानों के खिलाफ नजर आने लगी थी। इससे नाराज पहलवान फिर से धरने पर बैठ गए और वह लंबा खिंचता चला गया।

सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक पहल नहीं हो सकी, बल्कि पहलवानों को धरना वापस लेने पर मजबूर किया जाता रहा। सरकार का झुकाव बृजभूषण शरण सिंह की तरफ नजर आता रहा। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय के दखल से महिला पहलवानों की प्राथमिकी दर्ज की गई, मगर दिल्ली पुलिस की जांच निष्क्रिय बनी रही। आखिरकार पहलवानों के धरने को कुचल दिया गया। महिला पहलवानों के साथ सरकार और प्रशासन के ऐसे व्यवहार को लेकर दुनिया भर में अंगुलियां उठी थीं। यूडब्लूडब्लू ने तब भी कहा था कि सरकार इस मामले को जल्दी सुलझाए और महिला पहलवानों की गरिमा को सुरक्षित रखे। मगर कोई सकारात्मक पहल नहीं देखी गई। यह भी छिपी बात नहीं है कि कुश्ती महासंघ के पदाधिकारियों के चुनाव में देरी के पीछे यही राजनीतिक मंशा काम करती रही।

हालांकि बृजभूषण शरण सिंह को फरवरी में ही उनके पद से हटा दिया गया था, फिर उनका कार्यकाल में मई में समाप्त हो गया। ऐसे में चुनाव की प्रक्रिया तभी शुरू हो जानी चाहिए थी, मगर शायद कुछ लोगों को उम्मीद रही होगी कि बृजभूषण शरण सिंह पर लगे आरोप जल्दी ही हट जाएंगे और वे फिर से अपने पद पर वापस आ जाएंगे। मगर ऐसा हो न सका और अब देश को यह शर्म झेलनी पड़ रही है।

महिला समानता दिवस-26 अगस्त, 2023

# महिला विकास के बन्द दरवाजों को खोलने का समय



ललित गर्ग

महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरुआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा। इस वर्ष महिला समानता दिवस की थीम समानता को गले लगाओ है। यह थीम 2021-26 की रणनीतिक योजना का हिस्सा बनी हुई है। यह थीम लैंगिक समानता हासिल करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है, जो न केवल आर्थिक विकास के लिए बल्कि मौलिक मानवाधिकारों के लिए भी आवश्यक है।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता के कारण कई महिला संगठन महिला समानता दिवस को जोर शोर से मनाते हैं। इसके साथ ही वो रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने की पुरजोर वकालत करते हैं। भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के अमृतकाल में महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। 'आज कई महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं।' यह एक ऐसा कथन है जिसे इस प्रकार संशोधित किया जाना चाहिए कि 'अभी भी ऐसी महिलाएं हैं जो आर्थिक रूप से परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भर हैं।' जैसाकि भारत के कई हिस्सों में इसे आदर्श माना जाता है कि 'महिलाओं को घर पर रहना चाहिए और परिवार की देखभाल करनी चाहिए, लेकिन अब कई युवा लड़कियों और महिलाओं पर वित्तीय निर्भरता का बोझ डाला जाने लगा है। लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में काम करते एवं अपने प्रतिभा एवं क्षमता का लोहा मनवाते हुए भी महिलाएं वेतन आदि में भेदभाव की शिकार है, जैसाकि 2019 में ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि काम पर पुरुष समकक्षों की तुलना में महिलाओं को 34 प्रतिशत कम वेतन मिलता है। चूँकि आर्थिक व्यवस्था पुरुषों के प्रति अत्यधिक समर्पित है, हमें इस तथ्य का समर्थन करने के लिए कई उदाहरण मिलते हैं कि महिलाओं का संघर्ष रूढ़िवादिता को तोड़ने के लिए जारी है। यूं तो महिलाओं की असमानता को लेकर ऐसे कई सवाल हैं, लेकिन कई महिलाओं ने बाधाओं को तोड़कर इतिहास रचा है। जैसा कि हम इतिहास में महिलाओं के बारे में बात करते हैं, रानी लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, कस्तूरबा गांधी, कमला नेहरू, बेगम हजरत महल, मातंगिनी हाजरा और कई अन्य महान नाम हैं जिनके योगदान को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भुलाया नहीं जा सकता है। दुनिया भर में कुछ



संस्कृतियां हैं जो मातृसत्तात्मक संस्कृति को बल देती हैं। जैसे द मोसुओ, एक चीनी जातीय अल्पसंख्यक समुदाय जिसे 'महिलाओं का साम्राज्य' भी कहा जाता है। निश्चित ही महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज हमें महिला समानता दिवस मनाये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे।

सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा। भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। क्योंकि देश में ऐसी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता, अत्याचार एवं उपेक्षा को झेलने के लिए विवश है। चाहे वह घर में बेटी, पत्नी, माँ या बहन होने के नाते हो या समाज में एक लड़की होने के नाते हो। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है, परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है।

सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। रोजगार या नौकरी का जो क्षेत्र स्त्रियों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया रहा है, उसमें इनकी भागीदारी का अनुपात बेहद चिंताजनक हालात में पहुंच चुका है। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट 'टाइम टू केयर' में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता।

साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों?

दरअसल, इस तरह के हालात की वजह सामाजिक एवं संकीर्ण सोच रही है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में आमतौर पर सत्ता के केंद्र पुरुष रहे और श्रम और संसाधनों के बंटवारे में स्त्रियों को हाशिये पर रखा गया है। सदियों पहले इस तरह की परंपरा विकसित हुई, लेकिन अफसोस इस बात पर है कि आज जब दुनिया अपने आधुनिक और सभ्य होने का दावा कर रही है, भारत में नरेन्द्र मोदी सरकार महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने एवं उसके आत्म-सम्मान के लिये तत्पर है। एक बड़ा प्रश्न है कि आखिर कब तक सभी वंचनाओं, महामारियों एवं राष्ट्र-संकटों की गाज स्त्रियों पर गिरती रहेगी। जहां देश में राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मू विराजित है, पूर्व में प्रधानमंत्री के पद पर इंदिरा गांधी, राष्ट्रपति के पद पर प्रतिभा देवी सिंह पाटिल एवं अनेक दलों में महिला नेतृत्व है। वर्तमान में स्मृति ईरानी एवं निर्मला सीतारमण सहित अनेक महिलाओं ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ रही है। इन कुछ उपलब्धियों के बाद भी देखें तो आज भी महिलाओं की कामयाबी आधी-अधूरी समानता के कारण कम ही है। न्यायालय की पहल से महिलाएं अब सेना में जा सकेगी।

युगों से आत्मविस्मृत महिलाओं को अपनी अस्मिता और कर्तृत्वशक्ति का तो अहसास हुआ ही है, साथ ही उसकी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व चेतना में क्रांति का ऐसा ज्वालामुखी फूटा है, जिससे भेदभाव, असमानता, रूढ़संस्कार जैसे उन्हें कमतर समझने की मानसिकता पर प्रहार हुआ है। महिला समानता दिवस यदि उनकी सक्षमता को पंख दे रहा है तो यह जागरूक एवं समानतामूलक विश्व-समाज की संरचना का अभ्युदय है।

# देश के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां

भारत अब दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने चंद्रमा पर अपना चंद्रयान 3 दक्षिणी ध्रुव पर उतार कर एक महान सफलता पाई है। दूसरी तरफ भारत ने दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन में दक्षिण अपने बुलंद हौसलों के साथ चीन से आंख से आंख मिलकर शांति और सद्भावना के प्रस्ताव को दिलरी से रखा और सफलता पाई है। चंद्रयान-3 की इस विराट सफलता के साथ भारत का हौसला अब विश्व के आसमान पर है।इसमें कोई दो मत नहीं की 2019 में चंद्रयान 2 की असफलता के बाद इसरो की पूरी टीम ने अध्यक्ष एस सोमनाथ के नेतृत्व में जिसमें भारतीय महिला वैज्ञानिक भी शामिल है ने अथक परिश्रम कर इस अभियान को सफल बनाया है। वैज्ञानिकों के साथ पूरे देश को इस बात के लिए अनेक अनेक बधाई तथा साधुवाद तो दिया ही जाना चाहिए बल्कि उन्हें भविष्य में अन्य योजनाओं के लिए भी हर तरह से प्रोत्साहित भी किया जाना चाहिएद्य इसरो ने दक्षिणी ध्रुव पर उतरे 1752 किलो ग्राम के वजनी विक्रम लेंडर को उतारकर भारत की क्षमता ऊर्जा और वैज्ञानिक प्रतिभा ने पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा दिया है अब भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा चांद पर लहरा रहा है । अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत चौथा देश है जिसने अपने चंद्रयान को चंद्रमा पर उतार कर एक विराट सफलता पाई है । चंद्रयान 2 को चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव की धरती पर पहुंच कर भारत विश्व का पहले और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महान राष्ट्र बन गया है। चंद्रयान 2 के विक्रम लैंडर के साथ चार प्रमुख उपकरण लगाए गए हैं जिसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण 26 किलो वजन का प्रज्ञान रोवर भी है विक्रम ब्लेंडर के साथ पांच महत्वपूर्ण उपकरण 1,शेप (स्पेक्टरों पोलिरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लेनेट अर्थ) 2,एल्सा इंस्ट्रूमेंट पर लूनर सीस्मिक एक्टिविटी ) 3, रंभा रेडियो एनाटॉमी ऑफ़ मून बाइन्ड हाइपर सेंसेटिव आइनोस्फीयर एन्ड एटमॉस्फेयर4, चास्टे ( चंद्र सरफेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट) 5,एलआरऐ( लेजर रेट्रो रिफ्लेक्टर) यह चारों उपकरण चंद्रमा पर उपस्थित तमाम तत्व, पानी, ऑक्सीजन और वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु उपयोगी तत्वों की खोज करेंगे। इसके अलावा इसरो कि इस महान सफलता की खुशियां मनाते हुए अध्यक्ष हे सोमनाथ में बताया कि इसके आगे 2 सितंबर को इसरो द्वारा ही सूर्य के लिए एक मिशन रवाना किया जाएगा यह मिशन आदित्य रु भारत का पहला सूर्य मिशन होगा और इसे भेजने की सारी तैयारी में इसरो एकजुट होकर तैयार भी है इस मिशन को लेकर बची हुई तैयारी पूरी की जा रही है इसके साथ ही सितंबर या अक्टूबर में ही एक और बड़ा काम इसरो गगनयान मिशन को लेकर करेगा। इसमें क्रू मॉड्यूल और क्रू को सुरक्षित निकालने का परीक्षण भी किया जाएगा जो 2025 में प्रस्तावित पहले गगनयान मिशन के प्रक्षेपण के लिए बहुत जरूरी है। इतना ही नहीं एस सोमनाथ ने दावा किया है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में मानव बस्ती बसाने की क्षमता भी है और यही वजह है कि भारत में चंद्रमा पर विक्रम को उतारने का निर्णय लिया है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में कई विशेषताएं हैं जो उसे सूर्य से कम प्रकाशित होने की वजह से मिली है और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान हेतु अपार संभावनाएं छिपी हुई है।

## शब्दों का अपना संसार

नई सदी के शब्द
आते-आते हवा में
आए थे कुछ शब्द
अप्रवासी पंछियों की तरह
पर शायद ओझल हो गए।

बसंत के आते ही
किसी गहरी सोच की तलाश में
किसी मसीहा की राह तकते
तार-तार हवा में या
फिर
संपूर्ण ब्रह्म में
शब्दों का विलुप्त होना
कोई नई घटना नहीं है
नई सदी में ऐसा
यदा-कदा होता ही रहता है।

सभी शब्द मिलकर
एक जाल बुनते हैं
और खुद ही उलझ जाते हैं
या टूट कर बिखर जाते हैं
और विचारों में खो जाते हैं
या फिर अनंत या आदि
में बिखर जाते हैं।

कुछ न बन पाने की
उलझन एक घटना होती है,
शब्दों की आपस में
बातचीत ना होना
एक दूसरे में उलझ जाना
एक एक त्रासदी होती है,

और गहरी व्यथा होती है
शब्द होते हुए भी
कविता का ना लिखा जाना,
कहानी का अधूरा होना,
जिंदगी के साथ साथ
अधूरी कविता और कहानी,

**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

# नई टीम से मजबूत होगा कांग्रेस का जनाधार



रमेश सर्राफ धमोरा

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के दस महीने बाद कांग्रेस कार्यसमिति (कांग्रेस वर्किंग कमेटी) की घोषणा कर दी है। नई कार्य समिति में कल 39 सदस्य बनाए गए हैं। वही 32 लोगों को स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा 13 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिनमें कांग्रेस के चारों अग्रिम संगठनों युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवादल के प्रमुखों को भी शामिल किया गया है।

इस तरह कांग्रेस वर्किंग कमेटी से कुल 84 नेताओं को जोड़ा गया है। कार्य समिति में जहां वरिष्ठ नेताओं को तवज्जो दी गई है वही बड़ी संख्या में नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्य समिति के माध्यम से सभी को साधने का प्रयास किया गया है। कार्यसमिति में सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंथोनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शिद, प्रियंका गांधी वाड्रा, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अजय माकन, जयराम रमेश, भंवर जितेंद्र सिंह, तारीक अनवर जैसे पुराने लोगों को जगह दी गई है। वही सचिन पायलट, दीपक बावरिया, जगदीश ठाकोर, गुलाम अहमद मीर, अविनाश पांडे, दीपादास मुंशी, गौरव गोगोई, कमलेश्वर पटेल, सैयद नासिर हुसैन, महेंद्रजीत सिंह मालवीय जैसे नए लोगों को भी शामिल किया गया है।

कार्य समिति में कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक, कुमारी शैलजा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को प्रमुख दलित चेहरे के रूप में शामिल किया गया है। वहीं सलमान खुर्शीद, तारिक अनवर, गुलाम अहमद मीर, सैयद नासिर हुसैन मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

कार्य समिति में श्रीमती सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, कुमारी शैलजा, दीपा दास मुंशी को बैतोर महिला सदस्य नई कार्यसमिति में शामिल किया गया है।

वही श्रीमती प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी नटराजन, फूलों देवी नेताम और रजनी पटेल को स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, परिणीति शिंदे और अलका लांबा कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल है। महिला कांग्रेस की प्रमुख नेट्टा डिसूजा पदेन सदस्य के रूप में शामिल की गई है। इस तरह है 84 सदस्यों की कार्यकारिणी में 15 महिला नेताओं को स्थान मिला है।

कांग्रेस की नवगठित वर्किंग कमेटी में आनंद शर्मा, शशि थरूर, मनीष तिवारी समेत जी-23 के कई ऐसे नेताओं को भी जगह मिली है जो कांग्रेस आलाकमान के कई निर्णय से नाराज चल रहे थे। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में यह संदेश गया है कि पार्टी सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रही है।

यदि कोई पार्टी नेता पार्टी के किसी निर्णय से नाराज है तो भी पार्टी की मुख्य धारा में शामिल रहेगा। कांग्रेस कार्यसमिति से पार्टी के चारों मुख्यमंत्रियों को बाहर रखा गया है। जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता है और पिछले वर्ष उनका नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए तय हो गया था। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्रियों को कार्यसमिति में शामिल नहीं किया गया है।

कांग्रेस ने उदयपुर में संपन्न हुए अपने चिंतन शिविर और रायपुर के महाधिवेशन में तय किया था कि पार्टी संगठन में सभी स्तर के पदों में से आधे पदों पर 50 साल से कम उम्र के नेताओं को पदाधिकारी बनाया जायेगा। मगर मौजूदा कार्यसमिति में वरिष्ठ नेताओं की संख्या अधिक है। फिर भी काफी संख्या में नए लोगों को पहली बार कार्य समिति में शामिल कर पार्टी ने नया नेतृत्व आगे लाने का एक सफल प्रयास किया है।

नवगठित कार्यसमिति में लोकसभा से 9 व राज्यसभा से 14 सांसदों को भी शामिल किया गया है। लोकसभा से श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, शशि थरूर व गौरव गोगोई को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी को स्थाई आमंत्रित सदस्य व के सुरेश व मणिकम टैगोर को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

वहीं राज्यसभा से पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, अभिषेक मनु सिंघवी, जयराम रमेश, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, केसी वेणुगोपाल को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा, फूलों देवी नेताम, रजनी पटेल स्थाई आमंत्रित तथा राजीव शुक्ला विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं।

कार्य समिति में शामिल 50 साल से कम उम्र के नेताओं में सचिन पायलट 46 वर्ष, गौरव गोगोई 43 वर्ष और कमलेश्वर पटेल 49 साल के हैं। स्थाई आमंत्रित सदस्यों में मानिकम टैगोर 48 वर्ष, दीपेंद्र हुड्डा 45 वर्ष, मीनाक्षी नटराजन 50 वर्ष और कन्हैया कुमार 36 वर्ष के हैं। वही विशेष आमंत्रित सदस्यों में महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर 49 वर्ष, पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्री नेत 46 वर्ष, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे की विधायक पुत्री परिणीति शिंदे 42 वर्ष, दिल्ली की पूर्व विधायक अलका लांबा 47 वर्ष, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी 41 वर्ष, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा 48 वर्ष और एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन 33 वर्ष के हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी व राजस्थान से सचिन पायलट को राहुल गांधी की निकटता के चलते कार्य समिति में शामिल किया गया है। आने वाले समय में पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी व राजस्थान में सचिन पायलट बड़ी भूमिका निभाएंगे।

कुछ माह पूर्व कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में संपन्न हुए विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से सरकार बनाकर अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कर दिया था। कर्नाटक व हिमाचल में भाजपा की सरकार चल रही थी। जिसे हराकर कांग्रेस ने सरकार बनाई थी।

इसी साल के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम व जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव से पहले इन प्रदेशों की विधानसभा चुनावों के नतीजे 2024 के लोकसभा चुनावों पर गहरा असर डालेंगे। कांग्रेस का प्रयास है कि लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान व छत्तीसगढ़ जहां उनकी पार्टी की सरकार है वहां फिर से अपनी सरकार बनाई जाए। मध्यप्रदेश में भाजपा ने दलबदल करवाकर कांग्रेस की सरकार गिरा दी थी। वहां फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाकर पार्टी को मजबूत किया जाए। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में भी अपने खोए हुए जनाधार को फिर से हासिल करने के लिए पूरा जोर लगा रही है। विपक्षी दलों के कई बड़े नेता पिछले दिनों वहां कांग्रेस की सदस्यता ले चुके हैं।

कांग्रेस पार्टी का पूरा ध्यान अगले लोकसभा चुनावो पर केंद्रित है। कांग्रेस के बड़े नेता चाहते हैं कि हाल ही में बनाए गए इंडिया गठबंधन को एकजुट कर अगला लोकसभा चुनाव लड़ा जाए।

ताकि केंद्र से भाजपा को सत्ता को हटाया जा सके। कांग्रेस आलाकमान इंडिया गठबंधन में शामिल उन सभी दलों से अपने राजनीतिक संबंध सामान्य करने का प्रयास कर रहा है जिससे आगे चुनाव में आपसी सहमति से सीटों का बंटवारा कर भाजपा के खिलाफ एक सीट पर एक ही प्रत्याशी उतारा जा सके। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का पूरा जोर विपक्षी एकता को सुदृढ़ करने पर लगा हुआ है। जिसका लाभ उन्हें आने वाले चुनाव में मिलने की संभावना नजर आ रही है।

नई दिल्ली
शनिवार 26 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बरेली में दो समुदाय में पथराव,15 हिरासत में

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर आंवला थाना क्षेत्र के गांव महमूदापुर में शुक्रवार को मामूली बात पर दो समुदाय के बीच झड़प के दौरान पथराव और मारपीट हुयी। पुलिस में 15 लोगों को हिरासत में लिया है। नायब तहसीलदार (मजिस्ट्रेट) ने बताया कि मस्जिद के पास एक दुकान में पकौड़ी मिठाई बन रही थी, भट्टी में बच्चों ने ईट लगाने के लिए मस्जिद के पास से एक ईट उठाकर लगा दी थी। इसको लेकर विवाद हुआ। घटना उपरांत गांव में तनाव हो गया। आरोप है कि एक समुदाय ने दूसरे के घरों में घुसकर मारपीट कर पथराव भी किया। उन्होने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। दोनों पक्षों से 15 लोग हिरासत में लिए गए है। घटना संबंधी वायरल हुई वीडियो से पुलिस शरारती तत्वों की पहचान करने में जुटी है। क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है।

### गैंगरेप-हत्याकांड में नाबालिग को उम्रकैद

लखीमपुर-खीरी। निघासन गैंगरेप-हत्याकांड में शुक्रवार को लखीमपुर की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नाबालिग आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 46 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष जस्टिस राहुल सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा, आरोपी की उम्र कम है, मगर क्राइम प्रोफेशनल जैसा है। इस मामले में 6 आरोपियों को अरेस्ट किया गया था। इनमें से पांच दोषी करार दिया गया था। इससे पहले 4 आरोपियों को सजा सुनाई जा चुकी है। जुनैद और सुनील को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। वहीं, करीमुद्दीन और आरिफ को 6-6 साल की सजा हुई थी। छठवां आरोपी नाबालिग है, जिसे बाल सुधार गृह में रखा गया है। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो बृजेश पांडेय ने बताया कि आरोपी बाल अपचारी सुहैल के खिलाफ 14 गवाह, 24 दस्तावेजी साक्ष्य, 40 वस्तुओं के साथ-साथ फोरेंसिक रिपोर्ट पेश की गई। इनके आधार पर सुहैल को दोषी पाया गया।

### छप्पर गिरने से किसान की मौत

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में गांव के बाहर खेत मे छप्पर गिरने से खेत की रखवाली करने गये किसान की दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना आलापुर तहसील इलाके के मदैनिया गांव की है। आलापुर तहसीलके मदैनिया गांव निवासी 45 वर्षीय वेद प्रकाश पुत्र भोंनई रोजाना की तरहते गुरुवार को रात को घर से खेत की रखवाली करने गए थे। बताया जाता है कि वह खेत में छप्पर में सोए थे। बरसात की वजह से रात में छप्पर गिर गया। जिसमें दबकर उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आलापुर पंडित त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### हमीरपुर में खाद से भरा ट्रक पकड़ा

हमीरपुर। हमीरपुर में खाद बीज की कालाबाजारी को रोकने के लिए कृषि विभाग लगातार सक्रिय है। उसी क्रम में ज़िला कृषि अधिकारी ने खाद से भरे एक ट्रक को पकड़ा है, जिसमें सैकड़ों बोरी खाद लदी है। कृषि अधिकारी ने पकड़े गए ट्रक को मौदहा कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है और तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है जबकि खाद दुकानदार ने अपनी खाद नहीं होने की बात कही है। नकली खाद बीज की रोकथाम के लिए जिला कृषि अधिकारी अपनी टीम के साथ मौदहा कस्बे की खाद दूकानों पर बिक रही खाद की गुणवत्ता की जांच के लिए निकले थे, तभी उन्हें स्टेशन रोड पर लक्ष्मी दाल मिल के सामने एक संदिग्ध हालात में खड़ा ट्रक दिखाई दिया। जिसके चालक से खाद की जानकारी लेने पर पता चला कि यह खाद वह राजस्थान के सवाई माधोपुर के गुरुकृपा खाद और बीज भण्डार से कस्बे के लक्ष्मी दाल मिल के प्रोपाइटर अनादि गुप्ता के यहां पर लाया था।

### गन्ने के खेत में मिला महिला का शव

बिजनौर। बिजनौर में एक सप्ताह से गायब महिला का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मामला बिजनौर के धामपुर थाना क्षेत्र का है। धामपुर की रहने वाली 60 वर्षीय पदमा देवी 18 अगस्त को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों महिला की काफी तलाश की, लेकिन तलाश के बाद भी जब महिला का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने धामपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई ।आज धामपुर थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के पास एक गन्ने के खेत में महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल, सीओ ,शुभ सूचित धामपुर कोतवाल अनुज तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे । धामपुर कोतवाल का कहना है की शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बिजनौर में कावड़ यात्रियों से भरा ट्रक पलटा

बिजनौर। बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके में तेज रफ्तार कवाड़ यात्रियों से भरा ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे में जनरेटर के नीचे दबकर एक कावड़ यात्री की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी कावड़ यात्री बरेली से हरिद्वार जल लेने जा रहे थे दरअसल यह दर्दनाक हादसा बिजनौर के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हरिद्वार रोड पर रोशनपुर बाईपास पर शुक्रवार को उस वक्त हुआ जब बरेली से 33 कावड़ यात्रियों का जत्था ट्रक में सवार होकर हरिद्वार से जल लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही डीसीएम ट्रक कोतवाली देहात के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में जनरेटर के नीचे दबने से बरेली के कंदरा कोटरी के रहने वाले महेश पाल (28) पुत्र केदार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक दर्जन कावड़ यात्री हादसे में घायल हो गए।

### इलाज के दौरान 12वीं के छात्र की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में सिर में दर्द उठने पर परिजन बेटे को झोलाछाप डॉक्टर के पास लेकर गए। आरोप है कि डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाते ही उसकी मौत हो गई। दो घंटे तक डॉक्टर इंतजार करने की बात कहकर क्लिनिक पर रोके रहा। उसके बाद परिजन जब बेटे को शहर के एक अस्पताल लेकर आए। डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना मदनापुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गेहरवा की है। प्रतापपुर गेहरवा निवासी राजकुमार सिंह के 16 साल के बेटे सौरभ सिंह के सिर में अचानक दर्द हुआ। परिजन सौरभ को लेकर एक झोलाछाप डॉक्टर के पास लेकर गए। डॉक्टर ने दवा देने के बाद सौरभ को एक इंजेक्शन लगा दिया। परिजनों ने कहा कि इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। परिजन सौरभ की हालत बिगड़ने पर उसको शहर के अस्पताल लाने के लिए कहा तो झोलाछाप डॉक्टर ने दो घंटा इंतजार करने के लिए कहा।

### शामली कलेक्ट्रेट में भाकियू का धरना

शामली। शामली के कलेक्ट्रेट में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने बकाया भुगतान, बिजली विभाग की छापेमारी और बेसहारा घूम रहे गोवंश की व्यवस्था करने के लिए धरना शुरू कर दिया है। किसानों के धरने को लेकर जहां अब शुगर मिल के अधिकारियों और शासन-प्रशासन की विभाग की लापरवाही सामने आई है, जहां किसान नेताओं ने धरना कर प्रदर्शन किया। अधिकारियों को उनके ऑफिस से घर जाना मुश्किल कर दिया। कलेक्ट्रेट में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के बैनर तले सैकड़ो की संख्या में किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरना देना शुरू कर दिया है। धरना प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट में मौजूद बीजेपी एमएलसी वीरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी अभिषेक अपनी गाड़ी से जैसे ही अपने आवास के लिए चलने लगे तो किसानों ने उनकी गाड़ी के आगे जाकर हंगामा किया।

# योगी सरकार की अपील, फाइलेरिया से बचना है तो 28 अगस्त तक जरूर लें दवा

## फाइलेरिया के प्रति बचाव को लेकर आम जनमानस को जागरूक कर रही योगी सरकार

**लखनऊ।** अपना पांव हाथी जैसा होने से बचाने और हाइड्रोसील से बचने के लिए बस एक ही उपाय है - दवा लीजिए। मच्छर के काटने से होने वाली फाइलेरिया लाइलाज और गंभीर बीमारी है। किसी को हो जाए तो जीवन भर ठीक नहीं होती है। इसलिए जो लोग रह गए हैं वो 28 अगस्त तक दवा जरूर खा लें। आशा आपके घर पहुंचे और उस वक्त आपकी मुलाक़ात न हो तो बाद में उनसे सम्पर्क कर दवा जरूर खाएं। यह आपके और आपके परिवार के लिए बेहद जरूरी है। यह अपील योगी सरकार की ओर से प्रदेशवासियों से लगातार की जा रही है, ताकि कोई



भी अपंगता का शिकार न हो। योगी सरकार की ओर से की जा रही यह अपील इस बात का उदाहरण है कि प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को लेकर सीएम योगी कितने गंभीर हैं। उनकी यह गंभीरता उनके प्रयासों में भी झलकती है। सरकार की ओर से फाइलेरिया के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत आशा दवा के साथ हर घर तक पहुंच रही है। इसके अलावा पीएचसी, सीएचसी, जन आरोग्य मेलों में भी फाइलेरिया की दवा उपलब्ध कराई जा रही है।

### बीमारी का पता चलने में लग सकते हैं 15 साल

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेशवासियों से यह अपील करते हुए बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) चल रहा है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहीं हैं। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और कारगर है। दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को यह दवा जरूर खानी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान प्रदेश के 27 जिलों में चलाया जा रहा है, जहां इस तरह के मामले ज्यादा पाए गए हैं। बीमारी का पता चलने में पांच से 15 साल लग सकते हैं, इसलिए कोई भी जोखिम न लें और न ही कोई बहाना करें क्योंकि आज का यही बहाना आपको जीवनभर के लिए मुसीबत में डाल सकता है।

### पराली से होगी किसानों की कमाई

लखनऊ। खरीफ और रबी की प्रमुख फसल क्रमशः धान और गेहूं की कटाई के बाद अमूमन अगली फसल की तैयारी के लिए किसान इन फसलों के अवशेष पराली ठूंठ को जलाते हैं। हालांकि जागरूकता और सख्ती के कारण इसमें खासी कमी आई है, पर योगी सरकार इस पराली को किसानों की आय का जरिया बनाकर इस समस्या का स्थायी हल चाहती है। पिछले साल (2022) जैव ऊर्जा नीति से इसकी भूमिका तैयार हो गई थी। चंद रोज पहले हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में इसकी प्रक्रिया भी तय कर दी गई। निकट भविष्य में इसके कई लाभ होंगे। एक तो पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का स्थायी हल निकलेगा। साथ ही पराली किसानों की आय का जरिया बनेगी। पराली को बायोडीजल में प्रसंस्कृत करने के लिए हर जिले में लगने वाली इकाइयों के अलावा स्थानीय स्तर पर कलेक्शन, लोडिंग, अनलोडिंग और ट्रांसपोर्टेशन पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रही बाजार की बात तो हाल ही में केंद्रीय पेट्रोलियम एवम प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने हाई स्पीड डीजल के साथ बायोडीजल के मिश्रण संबंधी निर्देश भी जारी किए हैं। इससे तैयार बायोडीजल को बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। कैबिनेट की बैठक पर जितना जल्दी अमल होगा उतना ही उप्र के किसानों को लाभ भी होगा। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट की बैठक में बायोडीजल के उत्पादन और बिक्री की प्रक्रिया तय की गई है। इसके अनुसार उत्पादन की अनुमति उत्तर प्रदेश नवीन एवम नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (यूपी नेडा) देगा। स्थानीय स्तर पर संबंधित जिले के जिलाधिकारी बिक्री के बावत लाइसेंस देंगे। इसके पूर्व 20222 में सरकार जैव ऊर्जा नीति भी ला चुकी है। इस नीति में बायोफ्यूल को बढ़ावा देने को लेकर कई तथ्यों का उल्लेख है।

## इटावा में पुलिस मुठभेड़ में गौ तस्कर गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक शातिर गो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित मांस की सप्लाई करने वाला गौ तस्कर जफर उर्फ जफरुद्दीन मोटरसाइकिल से मध्य प्रदेश के भिंड जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह की अगुवाई में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान, नया शहर चौकी प्रभारी मिलन सिरोही ने पुलिस टीम के साथ सुनवारा बाईपास हनुमान टीला पर गुरुवार और शुक्रवार की रात करीब दो बजे घेराबंदी की। खुद को घिरा हुआ देख कर गौ तस्कर ने इटावा की तरफ भागना शुरू कर दिया। पुलिस ने जफरुद्दीन को आत्म समर्पण के लिए ललकारा लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोलियों से जफरुद्दीन घायल हो गया।

### मेरठ में पूर्व सांसद के बेटे पर रेप का आरोप

मेरठ। दिल्ली की रहने वाली एक युवती ने मेरठ में पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के बेटे दानिश पर बलात्कार का आरोप लगाया है। पीड़िता ने शुक्रवार को मेरठ के एसएसपी कार्यालय में आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के मुताबिक आरोपी और पीड़िता के बीच जान-पहचान इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए हुई थी। उसका आरोप है कि दानिश कुरैशी ने खुद को एक सम्मानित परिवार से और अविवाहित बताया।

## बहराइच में बुजुर्ग की गला दबा कर हत्या

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र में शुक्रवार को एक बुजुर्ग की उसके दो पोतों ने गला दबा कर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम असवा मोहम्मदपुर निवासी छोटेलाल (75) अपने तीन पोते के साथ घर पर रहते थे। शुक्रवार सुबह आठ बजे छोटेलाल नित्य क्रिया के लिए खेत को गए कि वृद्ध के पोते अखिलेश और बालमुकुंद वहाँ पर पहुंच गए, आरोप है कि दोनों ने छोटे लाल की गला दबाकर हत्या कर दी है। कुछ देर बाद खेत की ओर गए ग्रामीणों ने वृद्ध के खेत में पड़े होने की जानकारी उनके परिवार को




दी। परिवार के लोग खेत मे पहुंचे तो वृद्ध मृत मिला। इस पर तीसरे पोते मगन बिहारी ने थाने में तहरीर दी है।

गांव और परिवार के लोगों के मुताबिक जमीन के लालच में दोनों पोतों ने वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद घर से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी। मृतक छोटेलाल के बेटे की मौत हो चुकी है। जिससे जमीन अभी वृद्ध के नाम ही थी। जबकि तीन पोते रहते हैं। छोटेलाल अपने पोते मगन बिहार को जमीन अधिक देना चाहते थे, इसका दो अन्य पोते विरोध करते थे। इसके लिए गुरुवार को गांव में पंचायत भी हुई थी। इसके बाद भी बराबर जमीन न मिलने से नाराज पोते पिंटू और बाल मुकुंद ने गला दबाकर हत्या कर दी।

## पोषाहार वितरण में बायोमैट्रिक प्रणाली जल्द होगी लागू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण को और सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाने के लिए बायोमैट्रिक्स प्रणाली लागू किए का निर्णय लिया है। इसके तहत ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। ई-पॉस मशीनों की स्थापना के लिए टेंडर के साथ ही ई-टेंडरिंग के



माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने की जिम्मेदारी यूपीडेस्को की होगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने ई-पॉस मशीनों के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण की व्यवस्था को मंजूरी दी है। इसके माध्यम से लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार कोई दूसरा नहीं ले सकेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों (अति कुपोषित सहित), गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (केवल आकांक्षात्मक जनपदों में) को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### बागपत में 98 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागपत। बागपत में सर्विलांस टीम और पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक कैंटर में 98 पेटी अवैध शराब बरामद की है। शराब हरियाणा से बागपत के रास्ते मुजफ्फरनगर ले जाए जा रही थी। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुटी है। पूरा मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र का है।

## पीलीभीत में गोली लगने से घायल युवक की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत में डबल मर्डर के आरोप में पैरोल पर बाहर आए तीन आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक की उपचार के दौरान बरेली के अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 26 फरवरी 2009 को जमीन के विवाद के चलते बीसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अखोला गांव के रहने वाले रमेश चंद्र ने अपने बेटे शिवलेश और कुश्लेष के साथ मिलकर अपने ही दूर के रिश्तेदार भगवान शंकर और हरिशंकर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पूरे मामले में न्यायालय ने हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई थी। हत्या के मामले में सजा काट रहे आरोपी कुछ दिन पहले ही पैरोल पर बाहर आए थे।

## वन विभाग की टीम ने तस्कर को किया गिरफ्तार

**हाथरस।** हाथरस में वन विभाग की टीम ने सासनी कस्बे के निकट से फुटपाथ पर दर्द निवारक तेल बेच रहे एक व्यक्ति को पकड़ा है। उसके पास से वन विभाग की टीम ने भारतीय पूछ वाली 6 स्पाईनी छिपकली बरामद की। दर्द निवारक तेल बनाने में यह व्यक्ति इस छिपकली का इस्तेमाल करता था। वन विभाग ने इसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

शहर से लेकर देहात तक फुटपाथों पर तरह-तरह के तेल व अन्य औषधि विक्रेताओं का जमवाड़ा लगा रहता है। वन विभाग की टीम को यह सूचना मिली कि सासनी के निकट फुटपाथ पर एक व्यक्ति दर्द निवारक तेल बेच रहा है। उसके पास कुछ जीव-जंतु भी हैं।

इस पर वन विभाग की टीम ने वहां छापा मार कर इसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम रतन सिंह निवासी मजारा थाना बरागढ़ जिला चित्रकूट बताया। उसके पास 6 भारतीय स्पाइनी टेल्ड छिपकली बरामद की।

## बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले को 20 वर्ष की सजा

### पाक्सो कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया, 4 वर्ष पुराने मामले में आया फैसला

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 6 वर्षीय बच्ची को लालच देकर युवक ने 4 वर्ष पहले छेड़छाड़ की थी। उसके कपड़े उतारकर रेप का प्रयास किया था। मामले को लेकर बच्ची की मां ने तहरीर देकर तिर्वा कोतवाली में युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिस पर सुनाई करते हुए कोर्ट ने आरोपी को 20 वर्ष के कारावास को सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने



बताया कि घटना 20 जुलाई 2019 को शाम 5 बजे की है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के भुडिया गांव के रहने वाले राधेलाल के बेटे शेरसिंह ने एक किसान की 6 वर्षीय बेटी को 10 रुपए का लालच देकर अपने पास बुला लिया था। फिर उसे घर के पास ही एक पेड़ के नीचे ले गया। जहां बच्ची के कपड़े उतारकर वह छेड़छाड़ करने लगा। उसने बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसकी मम्मी पहुंच गई। महिला को देखते ही शेरसिंह बच्ची को छोड़कर धमकी देते हुए भाग गया। इस मामले को लेकर बच्ची की मां ने तिर्वा कोतवाली में तहरीर देकर शेरसिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी थी। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार दोहरे ने बताया कि बच्ची से छेड़छाड़ और रेप मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अलका यादव ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर शेरसिंह को दोषी करार दिया। उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर 6 महीने की अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी।

## उन्नाव में सड़क हादसे में युवक की मौत, भाई घायल

**उन्नाव।** उन्नाव में ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उसका भाई जख्मी हो गया।पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घटना सदर कोतवाली के अकरमपुर की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र केमौहारी गांव के रहने वाले विनोद कुमार वर्मा का 23 वर्षीय बेटा संदीप और कुलदीप मगरवारा स्थित एक फैक्ट्री काम करते



हैं। दोनों फैक्ट्री में टंकी की वैल्डिंग का करते हैं। दोनों भाई ड्यूटी करने के लिए बाइक से फैक्ट्री जाने के लिए घर से निकले थे।

तभी रास्ते में अकरमपुर गांव स्थित टीवी टावर के पास बाइक के आगे चल रहे ईंट से लदे ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगा दी। अचानक ब्रेक के लगाए जाने से पीछे आ रहे बाइक सवार भिड़ गए। हादसे में संदीप की मौके पर ही मौत और छोटा भाई कुलदीप जख्मी हो गया।

### पुलिस ने चालक को पकड़ा

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा और परिजनों को हादसे की सूचना दी। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख कुलदीप को हैलट रेफर कर दिया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक का पीछा कर समाजसेवी सर्वेश व सिपाही पवन ने पकड़ लिया।

परिजनों के मुताबिक मृतक संदीप चार भाइयों व एक विवाहित बहन के बीच तीसरे नंबर का था। भाइयों में विवाहित भाई मनीष व आशीष तथा अविवाहित कुलदीप हैं। संदीप की मौत को लेकर मां निर्मला तथा पिता विनोद उर्फ नन्हक्के रो-रोकर बेहाल होते रहे। पिता विनोद किसानी करते हैं। चौकी प्रभारी इंद्र देव उपाध्याय ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेरठ में कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेरठ।** मेरठ में एक कांस्टेबल ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके साथियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मृतक के घर पर सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने बताया रिश्ता तय होने के बाद से वह तनाव में था। हालांकि अभी आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच कर रही है।

मूल रूप से शामली के कैराना थाना क्षेत्र के गांव जंधेडी निवासी 26 वर्षीय नीरज कुमार पुत्र मदनपाल यूपी पुलिस में कांस्टेबल थे। उनकी तैनाती मेरठ पुलिस लाइन में थी। परतापुर क्षेत्र के डॉ भीमराव हवाई पट्टी पर सुरक्षा के मद्देनज़र गार्द तैनात की है। उसी में नीरज और अन्य पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चल रही थी। परतापुर पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात ड्यूटी खत्म करने के बाद नीरज कमरे पर आ गया। उसने एसी के पाइप में कपड़ा बांधकर फांसी लगा ली।

गुरुवार सुबह स्टाफ के अन्य लोग गार्द रूम में पहुंचे तो नीरज को पाइप पर लटका देख घबरा गए। वे तुरंत नीरज



को लेकर सुभारती अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। सीओ ब्रह्मपुरी शुचिता सिंह का कहना है कि घटना के संबंध में परिवार के लोगों ने तहरीर नही दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के लोग शामली लेकर चले गए। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

नीरज के बड़ा भाई धीरज दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं, जबकि उसके जीजा यूपी पुलिस में हैं। बताया जा रहा है कि रिश्ता तय होने के बाद से नीरज तनाव में चल रहा था। कई बार परिवार के लोगों ने तनाव के बारे में जानने का प्रयास भी किया, लेकिन नीरज ने कुछ बताने से इंकार कर दिया।

## टैंकर ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन की मौत

**एत्मादपुर।** आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र में टैंकर ने सामने से आ रहे सवारियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में बैठी एक किशोरी सहित दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

शुक्रवार सुबह 11 बजे रामबाग से खंदौली सवारियां लेकर आ रहा ऑटो जैसे ही खंदौली के बगलघुसा पर पहुंचा, आगरा की तरफ जा रहे टैंकर ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में बैठी सवारियों की चीख भी न निकल सकी। तेज धमाके से साथ हुई टक्कर की आवाज से ग्रामीणों ने घटनास्थल पर दौड़ लगा दी।

ऑटो में बैठी कुमारी रोशनी (16) पुत्री कप्तान सिंह, निवासी टुडला, शर्मिला पत्नी अरुण (58) निवासी अनुपम गार्डन नालंदा नगर बरौली अहीर, नीरू (38) पत्नी पहुप सिंह निवासी गांव ओखड़ थाना डिबाई की मौत हो गई। वहीं चंद्रावती (50) व पवित्र (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मासूम बेटे का शव एम्स में छोड़कर मां-बाप लापता

गाजियाबाद। गाजियाबाद के 12 साल के बच्चे की एम्स दिल्ली में मौत हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि बच्चे की मौत के बाद से उसके मां-बाप लापता हैं। मां-बाप ने अपना जो एड्रेस बताया था, वो भी फर्जी पाया गया है। ऐसे में बच्चे के पेरेंट्स शक के घेरे में आ गए हैं। बच्चे का शव एम्स के पोस्टमार्टम हाउस में रखा हुआ है।

## शार्ट न्यूज

### लिंकन फार्मास्यूटिकल्स ने निर्धारित किया 2026 तक 750 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

लखनऊ। देश की अग्रणी हेल्थकेयर कंपनियों में से एक लिंकन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 तक 750 करोड़ रूपये का राजस्व हासिल करने और 'शुद्ध ऋण मुक्त' स्थिति बनाए रखने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी दर्शित शाह ने बताया कि लिंकन ने पहली बार एक हजार करोड़ रूपये से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों की विशिष्ट लीग में प्रवेश किया है। कंपनी का शेयर मूल्य 24 अगस्त को 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 503.35 रूपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। उन्होने बताया कि कंपनी ने गुजरात के मेहसाणा में सेफलोस्पोरिन संयंत्र का विस्तार सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस संयंत्र से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है और कंपनी ने निर्यात के लिए कई देशों में उत्पाद पंजीकरण की प्रक्रिया के साथ घरेलू बाजारों में बिक्री शुरू कर दी है। अगले तीन वर्षों में इस संयंत्र से लगभग 150 करोड़ रूपये की बिक्री होने की उम्मीद है। पिछले कुछ सालों में प्रमोटर ग्रुप ने धीरे-धीरे कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। मार्च 2023 तक विदेशी संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी 1.27 प्रतिशत है। पिछले एक साल में, कंपनी के शेयर की कीमत में 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

### धान की बुवाई का रकबा 384 लाख हेक्टेयर के पार

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को बताया कि चालू खरीफ बुवाई मौसम के दौरान अब तक धान की बुवाई-रोपाई का रकबा 384.05 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार धान सहित खरीफ मौसम की सभी फसलों का रकबा 1053 लाख हेक्टेयर के पार पहुंच गया है। इस दौरान श्रीअन्न (मोटा अनाज) की बुवाई भी 178.33 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष अब तक 367.83 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई हुई थी। इस बीच अभी दलहनों का रकबा पिछले साल की तुलना में कम चल रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार अभी देश भर में अरहर, मूंग, उड़द और कुल्थी तथा अन्य दलहनों की बुवाई 117.44 लाख हेक्येर तक पहुंची है जबकि पछले साल यह क्षेत्र 128.07 लाख हेक्टेयर था। खरीफ मौसम के तिलहनों का रकबा 188.58 लाख हेक्टर तक पहुंचा है जो पिछले साल अब तक इन फसलों की बुवाई 190.38 लाख हेक्टेयर में हुई थी। गन्ना, पटसन मेस्ता और कपास की बुवाई की प्रगति लगभग पिछले साल के स्तर पर चल रही है।

### मुर्मु ने दादी प्रकाशमणि की स्मृति में डाक टिकट जारी किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोहर में आध्यात्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक गैर-सरकारी संगठन ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया और लोगों से जनकल्याण की भावना से काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह डाक टिकट दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संचार मंत्रालय के डाक विभाग की माई स्टैम्प पहल के तहत निकाला गया है। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दादी प्रकाशमणि ने आध्यात्मिकता के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भारत और विदेशों में फैलाया। उनके नेतृत्व में, ब्रह्माकुमारीज़ दुनिया में महिलाओं के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन बन गया। एक सच्चे नेता की तरह, वह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विश्वास और साहस के साथ ब्रह्माकुमारीज़ परिवार के साथ खड़ी रहीं और हमेशा उनका मार्गदर्शन किया। राष्ट्रपति ने कहा, किसी भी व्यक्ति को उसके कर्मों के कारण ही याद किया जाता है और इस लिए हर व्यक्ति को लोक कल्याण की भावना से नेक कार्य करना चाहिए।

### सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की जांच रिपोर्ट

नई दिल्ली। देश के बाजार नियामक ने शुक्रवार को देश के सुप्रीम कोर्ट को दी गई जानकारी में कहा कि अरबपति गौतम अडानी के समूह ने प्रतिभूति कानूनों का उल्लंघन किया है या नहीं, इसकी जांच लगभग पूरी हो गई है और आदेश पारित करने के लिए कुछ मामलों में कार्रवाई की सिफारिश की गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि उसने अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों से जुड़े 24 लेनदेन की जांच की है, जिनमें से 22 की जांच अंतिम स्थिति में जबकि दो मामलों में जांच जारी है। सेबी जांच के नतीजों के आधार पर उचित कार्रवाई करेगा। अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से सवाल उठाने के बाद अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों को इस साल की शुरुआत में बाजार मूल्य में 100 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ था। हालांकि समूह ने अपनी ओर से कुछ भी गलत करने से इनकार किया था। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को आरोपों की जांच करने और मार्च में गठित छह सदस्यीय पैनल को अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा था, जिसमें एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश और अनुभवी बैंकर शामिल थे। न्यायालय की ओर से नियुक्त समिति ने मई में कहा था कि नियामक ने अपनी जांच में अब तक कोई सुराग नहीं लगाया है और मामले की जांच जारी रखना अंतहीन यात्रा है, हालांकि इस दौरान नियामक को अपनी जांच पूरी करने के लिए और समय दिया गया था।

### जियो फाइनेंशियल को 22776 करोड़ की चपत

मुंबई। सेबी ने नियमों के उल्लंघन के मामले में निवेश सलाहकार फर्म स्टार इंडिया मार्केट रिसर्च (एसआईएमआर) पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी ने शिकायत मिलने पर कंपनी की जांच की थी। इस जांच में कंपनी की गलतियां पाई गई थी। हाल में सूचीबद्ध हुई जियो फाइनेंशियल के शेयरों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही। चार दिन में कंपनी की पूंजी भी 22,776 करोड़ घट गई है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 21 अगस्त को 1.59 लाख करोड़ रुपये था जो घटकर 1.37 लाख करोड़ रुपये रह गया। विभिन्न उद्योगों खासकर पेट्रोलियम, स्टील और उर्वरकों को हरित हाइड्रोजन के एक निश्चित अनुपात में खपत करना अनिवार्य करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय जल्द ही विभिन्न उद्योगों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मांगेगा। वर्तमान में विभिन्न उद्योग गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित स्रोतों से ऊर्जा का उपयोग करके उत्पादित हाइड्रोजन का उपयोग करते हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बताया कि मूलतः हरित हाइड्रोजन खपत का मामला निर्धारण प्रक्रिया में है। हम कुछ आंकड़े लेकर आए हैं। इन्हें लेकर हम जल्द ही कैबिनेट में जाएंगे। इस पर संबंधित मंत्रालयों के साथ विचार-विमर्श किया है।

### 200 की जगह अब 500 रुपये तक कर सकेंगे ऑफलाइन भुगतान




मुंबई। इंटरनेट से वंचित या कमजोर सिग्नल वाले इलाकों में भी लोग अब यूपीआई लाइट वॉलेट के जरिये 500 रुपये तक ऑफलाइन भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए आरबीआई ने बृहस्पतिवार को यूपीआई लाइट वॉलेट के जरिये ऑफलाइन भुगतान की अधिकतम राशि को 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया। हालांकि, किसी भुगतान मंच पर इस सुविधा के जरिये अब भी कुल 2,000 रुपये तक ही लेनदेन किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने ऑफलाइन माध्यम से छोटी राशि वाले डिजिटल भुगतान की सीमा बढ़ाने संबंधी परिपत्र में कहा, छोटे मूल्य के लेनदेन को बढ़ाने के लिए ऑफलाइन भुगतान की ऊपरी सीमा को बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। यूपीआई लाइट वॉलेट कुछ समय में ही बेसिक मोबाइल फोनधारकों के बीच खासा लोकप्रिय हो गया। वर्तमान में इस भुगतान मंच के जरिये महीनेभर में एक करोड़ से भी अधिक लेनदेन होने लगे हैं। यूपीआई लाइट का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए आरबीआई ने अगस्त की शुरुआत में एनएफसी प्रौद्योगिकी से ऑफलाइन लेनदेन की सुविधा देने का प्रस्ताव रखा था। एनएफसी से लेनदेन किए जाने पर पिन सत्यापन की जरूरत नहीं रहती है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, यह सुविधा न सिर्फ खुदरा डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाएगी बल्कि रफ्तार भी सुनिश्चित करेगी।

# जयपुर में जी20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक सम्पन्न

जयपुर। जी20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक व्यापार दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर दस व्यापक सिद्धांत प्रतिपादित करने, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए सूचना तक पहुंच बढ़ाने के लिए जयपुर कॉल फॉर एक्शन जारी करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ शुक्रवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में संपन्न हुई।

बैठक का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने किया। उन्होंने जी20 सदस्यों, आमंत्रित देशों और विश्व व्यापार संगठन, अंकटाड, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र और ओईसीडी सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों और प्रतिनिधियों का विचार-विमर्श में उनकी प्रतिबद्धता और योगदान के लिए स्वागत किया और उनकी सराहना की। भारत की अध्यक्षता में जी20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय पांच ठोस और कार्रवाई-उन्मुख डिलिवरेबल्स पर एक अभूतपूर्व सहमति पर पहुंचे जिन्हें जयपुर में आयोजित व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक के परिणाम दस्तावेज़ में अपनाया गया है।

व्यापार दस्तावेजों के डिजिटलीकरण पर उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को अपनाना है जिसमें जी20 मंत्रियों ने 10 व्यापक सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं जो कागज रहित व्यापार में प्रभावी परिवर्तन के विभिन्न आयामों को व्यापक रूप से कवर करते हैं। ये सिद्धांत इलेक्ट्रॉनिक व्यापार से संबंधित डेटा और दस्तावेजों के सीमा पार आदान-प्रदान से संबंधित उपायों को लागू करने में देशों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, एक सुरक्षित अंतर-संचालनीय और पारदर्शी कागज रहित



सीमा पार व्यापार वातावरण की आवश्यकता पर जोर देंगे। इसके अलावा, समावेशिता को सिद्धांतों में से एक के रूप में प्राथमिकता दी गई है, यह सुनिश्चित करते हुए कि ऐसा परिवर्तन सभी आकार के व्यवसायों को समायोजित करता है।

जी20 मंत्रियों ने एमएसएमई के लिए सूचना तक पहुंच बढ़ाने के लिए जयपुर कॉल फॉर एक्शन भी जारी किया। मंत्रियों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईटीसी), जिनेवा से आईटीसी के वैश्विक व्यापार हेल्पडेस्क के उन्नयन के लिए अंकटाड और डब्ल्यूटीओ के परामर्श से एक विस्तृत कार्यान्वयन योजना पर काम करने का आह्वान किया, जो एमएसएमई के सामने आने वाली सूचना संबंधी कमियों को दूर करेगा।

बैठक में जीवीसी के लिए जी20 जेनेरिक मैपिंग फ्रेमवर्क का भी समर्थन किया गया जिसमें डेटा, विश्लेषण और जीवीसी डेटा के प्रतिनिधित्व के प्रमुख बिल्डिंग ब्लॉक शामिल थे। रूपरेखा ने क्षेत्रीय और उत्पाद दोनों स्तरों पर जीवीसी के लचीलेपन का मूल्यांकन करने में मदद करने के लिए प्रमुख आयामों की पहचान करने की भी वकालत की। इसके अलावा, महत्वपूर्ण जीवीसी को लचीला और मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता को संबोधित करने के लिए सहयोग के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत भी ढांचे में प्रतिपादित किए गए थे।

जी20 मंत्रियों ने पेशेवर सेवाओं के लिए पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) पर सर्वोत्तम प्रथाओं के स्वैच्छिक साझाकरण का स्वागत किया और व्यावसायिक सेवाओं के लिए एमआरए पर सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रेसीडेंसी के संग्रह के विकास का समर्थन किया। अच्छी प्रथाओं के संकलन से एमआरए में सफल प्रवेश को बढ़ावा मिलेगा जिससे हमारे डॉक्टरों, नर्सों, वकीलों, वास्तुकारों और अन्य पेशेवरों की तकनीकी योग्यताओं को अन्य देशों द्वारा मान्यता मिल सकेगी। इस प्रकार यह हमारे पेशेवरों को दुनिया भर में अपनी तकनीकी सेवाएं प्रदान करने में काफी मदद करेगा।

## जी20 की बैठक के निर्णय वाणिज्य और निवेश के क्षेत्र में निभायेंगे अहम भूमिका : गोयल

जयपुर। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जयपुर में हुई जी20 व्यापार और निवेश मंत्री समूह की बैठक को बहुत सफल बताते हुए कहा है कि इसमें ऐसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है जो आगे चलकर विश्व व्यापार को प्रोत्साहन देंगे और वाणिज्य और निवेश के क्षेत्र में अहम भूमिका निभायेंगे।

गोयल दो दिवसीय जी20 व्यापार और निवेश मंत्री समूह की बैठक के शुक्रवार को सम्पन्न होने पर इसके बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है और जयपुर में संपन्न हुई बैठक में तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई और निर्णय लिए गए कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल वेल्यू चेंज जो सप्लाई चेंज होती है वह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सरल बनाती है। ऐसी ग्लोबल वैल्यू चेंज को कैसे मेपिंग किया जाये और कैसे एक पटल पर



लाया जाए तथा आगे चलकर मजबूत एवं सरल बनाये जाये।

उन्होंने कहा कि विश्व के लोगों एवं विश्व व्यापार के लिए अच्छी सेवा कर सके, ऐसे काम में आ रही समस्या का समाधान क्या हो सकता है। इसको मेपिंग करने का तय किया गया

उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु, मध्यम वर्ग के क्षेत्र में जो संभावना है, उसे पूरी करने लिए जयपुर कॉल फॉर एक्शन भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि जो सूचना होती है वह इस क्षेत्र में कैसे मददगार हो हो सकती है, सूचनाओं को सरल रुप से अच्छी तरह उपलब्ध कराने के लिए यह जयपुर कॉल फॉर एक्शन जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि तीसरा, अच्छी तरह मापदंड तय किए गए है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को डिजिटलाइज करे जो डिजिटल टैक्नोलोजी का लाभ और सरलता एवं विश्वसनीयता लाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय दस मापदंड तय किए गये है जो आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को पूरी तरह कंप्यूटराइज एवं डिजिटलाइज करने में मददगार होंगे और विश्व व्यापार को सरल बना सकेंगे।ी गोयल ने कहा कि भारत की सहभागीदारी विश्व व्यापार में बढ सके, उसके लिए कई सारे फैसले लिए गए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जी 20 अध्यक्षता सफलतापूर्वक तेज गति पकड़ रही है।

उन्होंने कहा कि जयपुर बैठक बहुत सफल रही है सभी देशों के जी20 समूह के सदस्य, जिन्हें आमंत्रित किया गया था, सबका सहयोग रहा।

उन्होंने बैठक की सफलता एवं इस अवसर पर राजस्थान सरकार एवं अधिकारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया और कहा कि गुरुवार को जो सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ उससे बैठक के लिए आये बाहर के सभी मंत्रियों एवं अन्य लोग बहुत प्रभावित हुए।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधार को लेकर किए गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि बैठक में डब्ल्यूटीओ के सुधार पर चर्चा हुई। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि जब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का वर्चस्व नहीं बढायेंगे और वैल्यू चेंज में भारत का योगदान नहीं डालेंगे तब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी छलांग नहीं लगा पायेंगे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि वैल्यू चेंज का लाभ उद्योग एवं व्यापार जगत सहित सभी ने लेना शुरु कर दिया है।

## हिन्दुस्तान जिंक की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 15 लाख टन करने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड जिंक का उत्पादन मौजूदा वित्तीय वर्ष में 10 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 15 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कंपनी की 57वीं वार्षिक बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा देश के विकास में जिंक अहम भूमिका निभाएगा, हिन्दुस्तान जिंक विश्व की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में होगी। हम इस सेक्टर में कम से कम 3 से 4 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। हम अपना उत्पादन 10 लाख टन से बढ़ाकर 15 लाख टन प्रतिवर्ष करने की योजना बना रहे है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी ने 10 लाख टन से अधिक रिफाइंड मेटल का उत्पादन किया है।

उन्होंने कहा कि नए वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने 257 किलोटन जिंक उत्पादन किया है। विकास प्रयासों में क्षमताओं का विस्तार, लंबी अवधी के साथ खानों के पोर्टफोलियो को बनाए रखना, लागत नेतृत्व को मजबूत करना, ग्राहक केंद्रित उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार और सस्टेनेबल भविष्य की ओर बढ़ना शामिल है।

उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक भूमिगत खनन में बैटरी चालित ईवी संचालित करने वाली देश की पहली कंपनी हैं। उन्होंने कहा कि क्षमता विस्तार, मात्रा में वृद्धि, बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन और सभी हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य सृजन प्रमुख क्षेत्र होंगे। 2025 तक कोयला निर्भरता को कम करने का लक्ष्य है। हेब्बर ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक का पंतनगर प्लांट 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी के साथ संचालित है। हमारी सोलर प्रोजेक्ट में 180 मेगावाट और विंड प्रोजेक्ट मे 250 मेगावाट की क्षमता है। कंपनी 2025 तक अपनी कोयला निर्भरता को 50 प्रतिशत कम करने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि जब 21वीं सदी के भारत का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा, तो हिंदुस्तान जिंक की बदलाव की कहानी का अपना एक उपलब्धिपूर्ण अध्याय होगा।

## रियलमी ने 108 मेगापिक्सल कैमरे के साथ उतारी किफायती 5जी सीरीज

लखनऊ। स्मार्टफोन प्रदाता कंपनी 'रियलमी' ने मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर 5जी सिगमेंट में 108 मेगापिक्सल कैमरा और 5000 एमएएच की बैटरी के साथ किफायती कीमतों पर स्मार्टफोन बाजार में उतारे हैं। रियलमी इंडिया के प्रोडक्ट मैनेजर बाजुल कोछर ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रियलमी ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी 11 सीरीज 5जी और रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश किए हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 17499 रुपये और 3699 रुपये से शुरू होते हैं। रियलमी 11 5जी अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 108 मेगापिक्सल के मुख्य कैमरे के साथ है जिसमें 3एक्स इन-सेंसर जूम और सेगमेंट का सबसे बड़सेंसर है। इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और सेगमेंट का सबसे तेज़ 67वॉट सुपरवूक चार्जिंग सॉल्यूशन है। उन्होने कहा कि इसमें 16जीबी तक के डायनामिक रैम विकल्प और 128जीबी स्टोरेज है, जिससे मल्टीटास्किंग और दैनिक काम बहुत आसान हो जाते हैं। रियलमी 11 5जी दो खूबसूरत रंगों- ग्लोरी गोल्ड और ग्लोरी ब्लैक में उपलब्ध है, और यह दो स्टोरेज वैरिएंट 8जीबी+128जीबी और 8जीबी+256जीबी में आता है। रियलमी 11एक्स 5जी में 2एक्स इन-सेंसर जूम को सपोर्ट करने वाला 64 मेगापिक्सल का कैमरा है। कोछर ने बतया कि रियलमी बड्स एयर 5 शानदार अनुभव प्रदान करते हैं, और सेगमेंट में सर्वाधिक 50डेसिबल एक्टिव नॉइज़ कैंसिलेशन और 6-माइक कॉल नॉइज़ कैंसिलेशन के साथ आते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.2 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.6 करोड़ डॉलर की की गिरावट लेकर 527.8 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.5 करोड़ डॉलर कम होकर 43.8 अरब डॉलर रह गया।

## उपभोक्ता संरक्षण के मुद्दों पर जी20 के फोरम पर ठोस चर्चा हो: अंकटाड प्रमुख

नयी दिल्ली। व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र के संगठन अंकटाड की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने उपभोक्त संरक्षण के मुद्दों को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने और आने वाले समय में जी20 के फोरम पर इसके लिए विशेष बैठके आयोजित किए जाने की पैरवी की है।

बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण नीति के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन कट्स इंटरनेशनल द्वारा यहां आयोजित वैश्विक एक वेब-परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार की असमानताओं को देखते हुए उपभोक्ता संरक्षण का मुद्दा महत्वपूर्ण है।

ग्रिनस्पैन ने पुरजोर तरीके से कहा कि



आने वाले वर्षों में जी20 की शिखर बैठकों के साथ उपभोक्ता शिखर सम्मेलन भी आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रसार और स्थायी बदलाव जैसी चुनौतियों के व्यापक परिदृश्यमें उपभोक्ता संरक्षण की चिंताओं को सक्रिय रूप से देखने और उनका समाधान निकालने की जरूरत है।

कट्स की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस चर्चा में सिविल20 के प्रधान समन्वयक (शेरपा) विजय के नाम्बियार ने जोर दिया कि, ''हालांकि उपभोक्ता आर्थिक गतिविर्ण भूमिका निभाधियों में महत्वपूते हैं, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि इन गतिविधियों का प्राथमिक लक्ष्य जीवन की स्थायी गुणवत्ता की सुरक्षा, रखरखाव और वृद्धि होना चाहिए।''

उन्होंने कहा कि ठीक ढंग से काम करने वाले बाजारों में उत्पादकों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच प्रभावी सहयोग चलता रहता है पर वैश्वि स्तर पर बाजार की असमानताओं और कमजोरियों को देखते हुए लिए मजबूत उपभोक्ता संरक्षण उपायों की आवश्यकता है।

## फेड और ईसीबी के निर्णय से पहले बाजार धड़ाम

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की ब्याज दरों को लेकर जारी बैठक से पहले एशियाई बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 365.83 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत लुढ़ककर एक सप्ताह बाद 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64,886.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,265.80 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.85 प्रतिशत टूटकर 30,717.91 अंक और स्मॉलकैप 0.24 प्रतिशत उतरकर 36,055.96 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3763 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2145 में बिकवाली जबकि 1494 में लिवाली हुई वहीं 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां गिरावट जबकि शेष



11 तेजी पर रही। बीएसई के 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.89, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.39, एफएमसीजी 0.91, वित्तीय सेवाएं 0.41, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 0.73, आईटी 0.52, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.58, बैंकिंग 0.47, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.12, तेल एवं गैस 0.34, पावर 1.26, रियल्टी 1.27, टेक 0.29 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत लुढ़क गए।

एशियाई बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 2.05, हांगकांग का हैंगसेंग 1.40 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत गिर गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.38 और जर्मनी के डैक्स में 0.36 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 252 अंक की भारी गिरावट लेकर 65,000.67 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 65,106.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 64,732.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,252.34 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत उतरकर 64,886.51 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 89 अंक टूटकर 19,297.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,339.55 अंक के उच्चतम जबकि 19,229.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,386.70 अंक की तुलना में 0.62 प्रतिशत गिरकर 19,265.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडसइंड बैंक 1.89, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.88, एलटी 1.79, अल्ट्रासिमको 1.72, जियो फाइनेंस 1.69, पावरग्रिड 1.58, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.46, एनटीपीसी 1.31, टाटा स्टील 1.14, एसबीआई 1.12, एचडीएफसी बैंक 1.07, टाटा मोटर्स 0.88, विप्रो 0.62, मारुति 0.55, रिलायंस 0.35, इंफोसिस 0.28 और टीसीएस 0.24 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बजाज फिनसर्व 2.36, बजाज फाइनेंस 1.04, एशियन पेंट 1.04, भारती एयरटेल 0.41, टाइटन 0.22, एक्सिस बैंक 0.15 और आईसीआईसीआई बैंक 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

## वैश्विक आर्थिक सुधार को कायम रखना बड़ी चुनौती : सीतारमण

नयी दिल्ली 25 अगस्त (वार्ता) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि जब दुनिया कोविड-19 और इसके प्रभावों, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के साथ ही अन्य कारणों से हुई तबाही से गुजर रही है जो वैश्विक स्तर पर गंभीर स्थिति पैदा कर रही हैं, ऐसे समय में वैश्विक आर्थिक सुधार को कायम रखना एक बड़ी चुनौती है।

सीतारमण ने आज यहां आयोजित बी-20 इंडिया शिखर सम्मेलन में सतत वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि इन चिंताओं के अलावा, प्रत्येक देश की अलग स्थिति होती है जिसे उनकी अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्निर्माण के लिए विशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता होती है।

उन्होंने पांच प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ये वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को निरंतर सुधार के रास्ते पर लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुद्रास्फीति पर काबू पाना होगा जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखते हुए विकास की प्रधानता को ध्यान में रखना है। दूसरी प्राथमिकता विकास को गति देने के लिए निवेश, विशेषकर भौतिक संपत्तियों में सार्वजनिक निवेश पर जोर देना है जबकि तीसरी प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश बढ़ाना है।

उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त के मुद्दे को चौथी प्राथमिकता बताया, जबकि आखिरी प्राथमिकता विकास को मजबूत करने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण पर आधारित है।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, निवेश बढ़ा है और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में मजबूत आंकड़े आने की उम्मीद है।

## शार्ट न्यूज

### हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में भारत की दमदार शुरुआत

ओमान। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर की दमदार शुरुआत करते हुए शुक्रवार को अपने पहले मैच में मलेशिया को 7-2 से रौंद दिया। भारत की इस एकतरफा जीत में कप्तान नवजोत कौर (तीसरा, 28वां मिनट) और मोनिका टोप्पो (12वां, 20वां मिनट) ने दो-दो गोल किये, जबकि अक्षता धेकाले (चौथा मिनट), मरियाना कुजुर (17वां मिनट) और महिमा चौधरी (28वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। मलेशिया की ओर से वान वान (सातवां मिनट) और अज़ीज़् ज़ाफ़िराह (11वां मिनट) ही गोल कर सकीं। भारत ने खेल के छोटे प्रारूप में आक्रामक शुरुआत की और उसका खेलने का तेज़तर्रार तरीका मलेशिया पर भारी पड़ा। कप्तान कौर ने तीसरे मिनट में भारत का खाता खोला, जबकि अगले ही मिनट अक्षता ने टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। वान वान और अज़ीज़ा ने पहला हाफ खत्म होने से पहले एक-एक गोल जमाकर स्कोर बराबर किया, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम ने मुकाबले पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। अज़ीज़ा के गोल के एक मिनट बाद ही मोनिका ने भारत का तीसरा गोल कर हाफ टाइम तक अपनी टीम को 3-2 की बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद भी भारत की गति नहीं थमी और 17वें मिनट में मरियाना ने स्कोरशीट पर अपना नाम अंकित करवा लिया।

### पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज, विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय

बुडापेस्ट। भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड में 88.77 मीटर के शानदार थ्रो के साथ चैंपियनशिप के फाइनल और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया। नीरज के अलावा डीपी मनु और किशोर जेना ने भी विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। नीरज अपने पहले ही प्रयास में इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहे। फाइनल में पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को या तो 83 मीटर का निशान पार करना था या शीर्ष 12 में रहना था। दोनों समूहों के प्रयास पूरे होने के बाद मनु (81.31 मीटर) और जेना (80.55 मीटर) ने क्रमश: छठे और नौंवे स्थान पर रहकर पदक राउंड के लिये क्वालीफाई किया। नीरज ने इसी के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का भी टिकट कटा लिया। पेरिस ओलंपिक में क्वालीफाई करने के लिये खिलाड़ियों को कम से कम 85.50 मीटर की दूरी पर भाला फेंकना था। ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया एक जुलाई 2023 को शुरू हुई थी और 30 जून 2024 तक जारी रहेगी। केवल विश्व एथलेटिक्स नियमों के अनुरूप विश्व एथलेटिक्स, क्षेत्रीय संघों या राष्ट्रीय महासंघों (नीरज के मामले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) द्वारा आयोजित या अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन ही ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये मान्य होते हैं।

### राष्ट्रीय क्रिकेट पैरा प्रतियोगिता हेतु उत्तराखंड में चयन ट्रायल सम्पन्न

देहरादून। राजस्थान के उदयपुर में प्रस्तावित राष्ट्रीय क्रिकेट पैरा प्रतियोगिता के लिए उत्तरखंड डिफरेन्टली एबल्ड क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल उत्तराखंड के देहरादून में सम्पन्न हो गया। फिजीकली चैलेन्ज्ड क्रिकेट एसोसियेशन ऑफ उत्तराखण्ड के कोऑर्डिनेटर और प्रबंधक नवीन चौहान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उदयपुर में आगामी 28 सितम्बर से आठ अक्टूबर तक डिफेन्टली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इण्डिया (बी0सी0सी0आई0 सर्पोटेड बॉडी) द्वारा प्रस्तावित इस प्रतियोगिता हेतु देहरादून में 23 अगस्त को चयन ट्रायल कराये गए। जिसका परिणाम आज घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त चयन ट्रायल एसोसियेशन ऑफ उत्तराखण्ड के सचिव प्रेम कुमार, रणजी खिलाड़ी कोच फतेह सिंह राणा और मेरे स्वयं के पर्यवेक्षण में आयोजित हुए। चौहान ने बताया कि राज्य के 13 जिलों से आये पैरा क्रिकेट खिलाड़ियों में से 14 खिलाड़ियों का चयन उत्तरखंड डिफरेन्टली एबल्ड क्रिकेट टीम में किया गया है। इस टीम में जनपद देहरादून से राजेश वर्मा, नरेन्द्र सिंह, नेपाल सिंह, उत्तरकाशी से तुषार रमोला, अंकित लाल, रूद्रप्रयाग से अंकित शुक्ला, मोहित कुमार, चम्पावत से विकास चन्द, संदीप रस्तोगी, ऊधमसिंहनगर से अक्षय कुमार, अल्मोड़ा से कुन्दन राम, पवन कुमार, बागेश्वर से दीपक एवं पिथौरागढ़ से दलीप चयनित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, तीन खिलाड़ियों टिंकू कुमार (जनपद हरिद्वार), धर्मेन्द्र विश्वकर्मा (उत्तरकाशी) और कासिम अली (ऊधमसिंहनगर) को स्टैण्ड बाई में रखा गया है।

### तेजस्विन के एशियाड प्रशिक्षण उपकरण का खर्च वहन करेगा खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली। केन्द्रीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों के मेडलिस्ट तेजस्विन शंकर को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पोल वॉल्ट के लिये लैंडिंग पिट की खरीद के लिये आर्थिक सहायता देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। हांग्झोउ में 22 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन स्पर्धाओं के लिये क्वालीफाई करने वाले तेजस्विन अगले महीने तक विशेष रूप से पोल वॉल्ट पिट का उपयोग करेंगे। एशियाई खेलों के बाद अभ्यास करने वाले सभी एथलीटों के उपयोग के लिये इसे खोल दिया जायेगा। लैंडिंग पिट (10 मीटर × 6.8 मीटर × 81), पिट के लिये बारिश से बचाने वाली चादर और उसको लाने की लागत टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) तहत वहन की जायेगी। तेजस्विन के अलावा एमओसी ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पिस्टल निशानेबाज राही सरनोबत के प्रशिक्षण और भागीदारी के लिये वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी। आईएसएसएफ रियो विश्व कप में भाग लेने के लिये निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को मंजूरी दी गयी। राही दो सितंबर से रियो में प्रशिक्षण लेंगी, जबकि 19 सितंबर को रियो निशानेबाजी विश्व कप खत्म होगा। टॉप्स उनके और उनकी फिजियोथेरेपिस्ट ऐश्वर्या देशपांडे के आवागमन, स्थानीय परिवहन लागत, रेंज और प्रशिक्षण शुल्क, हथियार भंडारण शुल्क, वीजा और बीमा शुल्क और प्रवेश शुल्क सहित अन्य शुल्क वहन करेगा।

### ट्रंप की ट्विटर पर हुई वापसी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो वर्ष से भी अधिक समय के प्रतिबंध के बाद जानी मानी सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर आखिरकार वापसी कर ली है।




ट्रंप ने गुरुवार रात अपना एक मग शॉट पोस्ट किया और कैप्शन दिया 'चुनाव हस्तक्षेप, कभी समर्पण न करें।' मग शॉट गुरुवार की शुरुआत में लिया गया था जब उन्होंने जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में अटलांटा में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। सिर्फ दो घंटों के भीतर उनकी पोस्ट को लगभग 4,85,000 लाइक, 1,42,000 रीपोस्ट और 47,300 कोट्स प्राप्त हुए। गौरतलब है कि अमेरिका में 06 जनवरी, 2021 को कैपिटल दंगे के बाद पूर्व राष्ट्रपति का ट्विटर एकाउंट बंद कर दिया गया था। ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने नवंबर 2022 में ट्रम्प का अकाउंट बहाल कर दिया। हालांकि,ी ट्रम्प ने तुरंत कुछ भी पोस्ट नहीं किया। ट्रम्प, जो फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं। वह फॉक्स न्यूज के पूर्व होस्ट टकर कार्लसन को दिये साक्षात्कार के प्रसारित होने के एक दिन बाद एक्स पर लौट आए। पूर्व राष्ट्रपति के प्रतिबंधित होने से पहले ट्विटर पर 8.60 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स थे। ट्विटर पर प्रतिबंध के बाद, श्री ट्रम्प ने अपना खुद का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्रुथ सोशल शुरू किया, जिस पर उनके फॉलोअर्स ट्विटर अकाउंट की तुलना में कम हैं।

# आईसीसी विश्व कप 2023 टिकटों की बिक्री शुक्रवार से उपलब्ध

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकटों की आम बिक्री शुक्रवार शाम से शुरू होंगे। पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों को भारत में आमंत्रित किया गया है।

भारत में पांच अक्तूबर से 19 नवंबर तक वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। क्रिकेट प्रशंसक लंबे समय से टिकट खरीदने का इंतजार कर रहे हैं। भारत के मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट की जानकारी पहले ही सार्वजनिक कर दी गई थी। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि प्रशंसक टिकट कहां खरीद पाएंगे। टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से होनी है। हालांकि, कुछ फैंस एक दिन पहले 24 अगस्त से ही टिकट कर सकते हैं।

टिकटों की मांग को इंतजाम करने और अधिक से अधिक प्रशंसकों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को देखने का सबसे अच्छा मौका देने के लिए शुक्रवार से विदेशी टीम के वार्मअप मैचों और इवेंट मैचों के साथ विभिन्न् चरणों में बिक्री की जाएंगे।

विश्व कप में कुल 58 मैच खेले जाएंगे। इनमें 10 अभ्यास मैच शामिल हैं। विश्व कप के मैच भारत के 10 शहरों में खेले जाएंगे। हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में मुकाबले हैं। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के अलावा हैदराबाद में अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार विश्व कप के टिकट भारतीय समयानुसार 25 अगस्त को शाम आठ बजे से एचटीटीपीएस÷// टिकट्सडॉटक्रिकेटवर्ल्डकपडॉटकॉम के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।

बीसीसीआई ने बताया कि टिकट बिक्री वेबसाइट पर मैचों के लिए टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस वेबसाइट पर टूर्नामेंट के मुख्य मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट भी मिलेंगे।

विश्व कप 2019 फाइनल की पुनरावृत्ति के साथ शुरू हो रहा है, इंग्लैंड अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलगा।

2023 विश्व कप वनडे में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट का प्रदर्शन करेगा और सभी प्रतिस्पर्धी देशों ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट के जनून को देखा जाएगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, जैसा कि हम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा करते हैं, हम अपने देश और दुनिया भर के हर कोने से क्रिकेट प्रशंसकों को हृदयतल से आमंत्रित करते हैं। हमारे आयोजन स्थल ऐसे टूर्नामेंट में प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ एक ऐसा विश्व कप अनुभव कराो के लिए तैयार हैं जो किसी अन्य देश से अलग हो।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की आम बिक्री आज होगी, जिससे एक दिवसीय खेल का शिखर आयोजन सीधे दुनिया के सामने आएगा। हम सभी को अपनी सीट सुरक्षित करने और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## एशियाई खेलों में कासिम अकरम होंगे पाकिस्तान के कप्तान

लाहौर। युवा ऑलराउंडर कासिम अकरम हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों में पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे।

एशियाई खेलों में टी20 प्रारूप में खेली जाने वाली पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से सात अक्टूबर के बीच आयोजित होगी।

पाकिस्तान ने पांच अक्टूबर से होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एशियाड के लिये एक युवा टीम चुनी है, जिसमें आसिफ अली, मोहम्मद हसनैन, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर सबसे प्रमुख नाम हैं।

अंडर-19 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान की कमान संभाल चुके 20 वर्षीय अकरम ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। चुने गये 15 खिलाड़ियों में से अधिकतर नाम पिछले महीने श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि इन्होंने इससे पहले दो चार दिवसीय टेस्ट मैचों और छह वनडे मैचों के लिये जिम्बाब्वे का दौरा किया था।

पाकिस्तान रैंकिंग के आधार पर भारत की तरह ही सीधा क्वार्टरफाइनल चरण में टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा।

एशियाई खेलों में क्रिकेट पहले भी दो बार खेला जा चुका है। पहला संस्करण बंगलादेश ने जीता था, जबकि दूसरे संस्करण में श्रीलंका विजयी रहा था। दोनों बार अफगानिस्तान उपविजेता रहा। पाकिस्तान ने 2014 में भाग नहीं लिया और 2010 में वह कांस्य पदक विजेता रहा था।

एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान पुरुष टीम : कासिम अकरम (कप्तान), ओमैर बिन यूसुफ, आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, मिर्जा ताहिर बेग, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), रोहेल नजीर (विकेटकीपर), शाहनवाज दहानी, सुफियान मुकीम, उस्मान कादिर।

### पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज, विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय

बुडापेस्ट। भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड में 88.77 मीटर के शानदार थ्रो के साथ चैंपियनशिप के फाइनल और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया। नीरज के अलावा डीपी मनु और किशोर जेना ने भी विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। नीरज अपने पहले ही प्रयास में इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहे। फाइनल में पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को या तो 83 मीटर का निशान पार करना था या शीर्ष 12 में रहना था। दोनों समूहों के प्रयास पूरे होने के बाद मनु (81.31 मीटर) और जेना (80.55 मीटर) ने क्रमश: छठे और नौंवे स्थान पर रहकर पदक राउंड के लिये क्वालीफाई किया। नीरज ने इसी के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का भी टिकट कटा लिया। पेरिस ओलंपिक में क्वालीफाई करने के लिये खिलाड़ियों को कम से कम 85.50 मीटर की दूरी पर भाला फेंकना था।

## युगांडा के राष्ट्रपति आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का करेंगे अनावरण

**कंपाला।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष विश्व कप ट्रॉफी 26 अगस्त को युगांडा पहुंचेगी और इसका अनावरण 27 अगस्त को राष्ट्रपति योवेरी कगुटा मुसेवेनी और देश की प्रथम महिला जेनेट काटाका मुसेवेनी करेंगी।

युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने आज इसकी घोषणा की।

एसोसिएशन के संचार प्रबंधक डेनिस मुसाली ने गुरुवार को शिन्हुआ को बताया कि ट्रॉफी का आधिकारिक तौर पर अनावरण एंटेबे में स्टेट हाउस में राष्ट्रपति और प्रथम महिला द्वारा 27 अगस्त को किया जाएगा। श्री मुसाली ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि युगांडा को ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा।

मुसाली ने कहा, यह अभूतपूर्व पल क्रिकेट के क्षेत्र में युगांडा की अविश्वसनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सांस्कृतिक और भौगोलिक विभाजनों पर




प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया है कि युगांडा आगामी क्रिकेट विश्व कप में दावेदार नहीं हो सकता है। मुसाली ने देश में खेल के प्रति स्पष्ट जुनून पर जोर दिया। नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ट्रॉफी चार दिनों तक युगांडा में रहेगी।

गौरतलब है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी की यात्रा 27 जून को शुरू हुई और इसमें कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली और मेजबान देश भारत सहित 18 देशों का दौरा करने की योजना है।

2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के बीच खेले जाने वाला यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) क्रिकेट टूर्नामेंट भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाला है।

# जी 20 समिट में शामिल नहीं होंगे पुतिन

### रूसी प्रेसिडेंट की जगह फॉरेन मिनिस्टर कर सकते हैं शिरकत; ब्रिक्स समिट से भी दूर रहे थे पुतिन

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अगले महीने भारत में होने वाली जी 20 समिट में हिस्सा नहीं लेंगे। क्रेमलिन के स्पोक्सपर्सन दिमित्री पेस्कोव ने इसकी पुष्टि कर दी है। पुतिन ने 2019 में आखिरी बार जापान में हुई जी 20 समिट में इन पर्सन शिरकत की थी।

2020 में रियाद और 2021 में रोम में हुई समिट में भी पुतिन वर्चुअली शामिल हुए थे। 2022 में बाली में हुई समिट में भी रूसी राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। पुतिन की जगह फॉरेन मिनिस्टर सर्गेई लावरोव नई दिल्ली आएंगे। समिट 9 और 10 सितंबर को होगी।



#### ब्रिक्स समिट में भी शामिल नहीं हुए थे

साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक ब्रिक्स समिट हुई। इसमें भी व्लादिमिर पुतिन शामिल नहीं हुए। उनकी जगह फॉरेन मिनिस्टर लावरोव ने ही शिरकत की थी। इस समिट में भी पुतिन के शामिल होने पर आखिरी वक्त तक सस्पेंस था। बाद में होस्ट कंट्री साउथ अफ्रीका ने खुद ही साफ कर दिया था कि रूस के राष्ट्रपति जोहान्सबर्ग नहीं आएंगे।

दरअसल, ब्रिक्स समिट में पुतिन के शामिल होने को लेकर होस्ट साउथ अफ्रीका पशोपेश में था। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन पर हमले और वॉर क्राइम्स को लेकर रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वॉरंट जारी कर चुका है। पुतिन अगर जोहान्सबर्ग आते तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा था। लिहाजा, साउथ अफ्रीकी और रूसी सरकार के बीच एग्रीमेंट हुआ और इसके बाद पुतिन की गैरमौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई।

#### भारत न आने की वजह भी यही

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक- इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में पुतिन के खिलाफ वॉर क्राइम्स को लेकर केस दर्ज हैं। अगर वो जोहान्सबर्ग आते तो मेंबर कंट्री होने के नाते साउथ अफ्रीकी सरकार को पुतिन को गिरफ्तार करना पड़ता। इसकी वजह यह है कि इंटरनेशनल कोर्ट को लेकर तमाम देशों के बीच ट्रीटी है। रूस की तरफ से भले ही ऑफिशियली इस वजह का जिक्र न किया गया हो, लेकिन पुतिन के नई दिल्ली न आने की वजह भी यही है।

आईसीसी ने इसी साल मार्च में पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने यूक्रेन पर हमले के दौरान गैरकानूनी तौर पर यूक्रेनी बच्चों को रूस डिपोर्ट किया।

दूसरी तरफ, रूस का दावा है कि वो आईसीसी का मेंबर ही नहीं है तो फिर पुतिन के खिलाफ वॉरंट भी गैरकानूनी माना जाएगा।

### स्वीडन में कुरान के अपमान का विरोध कर रहे व्यक्ति को चुप कराने का प्रयास

स्टॉकहोम। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में इराकी मूल के शरणार्थी सलवान मोमिका की ओर से पवित्र कुरान के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति को सादे कपड़ों में पुलिस ने गुरुवार को चुप कराने का प्रयास किया। पुलिस ने हस्तक्षेप किया क्योंकि कैस ट्यूनीशिया पवित्र कुरान का अपमान करते हुए मोमिका द्वारा बोली गयी बात पर स्टॉकहोम मस्जिद के सामने जोर-जोर से प्रतिक्रिया दे रहा था। ट्यूनीशिया ने अपनी प्रतिक्रिया का बचाव करते हुए कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। ट्यूनीशिया ने संवाद समिति अनादोलु को बताया,मोमिका पवित्र कुरान का अपमान करती है। वह हमारा अपमान करता है। जब हम जवाब देते हैं, तो पुलिस तुरंत हमें आवाज न उठाने की चेतावनी देती है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर देते हुए कि पुलिस के रवैये ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया कहा, वे उकसाने वाले को हमारी मस्जिद के सामने लाए और उन्होंने उसे एक मेगाफोन दिया। हमने उनका अपमान सुना। जब हमने इस पर प्रतिक्रिया दी तो हमें पुलिस की प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। मैं इसकी भी निंदा करता हूं। मोमिका, जिसने व्यापक पुलिस सुरक्षा के तहत मेडबोर्गरप्लात्सेन में स्टॉकहोम मस्जिद के सामने इस कृत्य को अंजाम दिया, पवित्र कुरान को जमीन पर फेंक दिया, उस पर पैर रखा, इस्लाम के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे और आसपास के लोगों की प्रतिक्रिया के बावजूद आग लगा दी।

### यूक्रेन में जारी संघर्ष समाप्त करने का आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। चीन के राजदूत ने गुरुवार को यूक्रेन में जारी संघर्ष की समाप्ति और संकट के प्रभावों को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जून ने कहा कि शांति प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दोनों पक्षों को शांत करने एवं संयम बरतने, एक-दूसरे से मिलने के लिए आगे बढ़ने, आम सहमति बनाने, शांति और वार्ता की आवाज को मजबूत करने और शांति वार्ता के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करने, विभिन्न शांति पहलों को लागू करने वाले उपायों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि आग में घी डालने वाली कार्रवाइयों जैसे युद्ध के मैदान में हथियारों की आपूर्ति जारी रखने, एकतरफा प्रतिबंध लगाने आदि से बचना चाहिए जिससे संघर्ष नियंत्रण से बाहर हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी देशों की सुरक्षा अविभाज्य है, यूक्रेन संकट ने एक बार फिर साबित किया है कि शीत युद्ध की मानसिकता अपनाना, टकराव को भड़काना और पूर्ण सुरक्षा की मांग करना काम नहीं आएगा। झांग ने कहा कि संघर्ष को समाप्त करने के लकए हर संभव उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख विकसित देशों को वैश्विक आपूर्ति एवं औद्योगिक श्रृंखलाओं का सुरक्षित एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार आर्थिक और व्यापारिक उपाय करने चाहिए, एकतरफा प्रतिबंधों और दीर्घकालिक अधिकार क्षेत्र का त्याग करना चाहिए ।

### वुहान से लंदन के बीच सीधी उड़ान बहाल

वुहान। चीन के हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान और ब्रिटेन की राजधानी लंदन के बीच सीधी विमान सेवा शुक्रवार को बहाल हो गयी। आज सुबह एक एयरबस ए350 ने 270 यात्रियों को लेकर लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी, जो कोरोना महामारी के बाद वुहान से यूरोप के लिए सीधी उड़ान मार्ग की बहाली का भी प्रतीक है। चाइना साउदर्न एयरलाइंस द्वारा संचालित यह हवाई सेवा सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को चलेगी। बाहर जाने वाली उड़ान स्थानीय समयानुसार सुबह 2: 15 बजे वुहान तियान्हे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होगी जो सुबह 7: 10 बजे लंदन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी उड़ान सुबह 11: 05 बजे लंदन से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 5: 00 बजे वुहान पहुंचेगी। वुहान तियान्हे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अबतक दुबई, सिडनी, टोक्यो, सिंगापुर और बैंकॉक सहित अंतरराष्ट्रीय महानगरों के लिए नौ हवाई मार्गों पर उड़ान बहाल की गयी है।

# राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप में ट्रम्प का सरेंडर

### 20 मिनट जेल में रहे, पहली बार किसी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की आरोपी की तरह फोटो खिंची

एटलांटा। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में घोखाधड़ी के मामले में डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार सुबह फुल्टन काउंटी पुलिस के सामने सरेंडर किया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर लिया और फुल्टन काउंटी जेल ले गई। उन्हें पुलिस रिकॉर्ड में कैदी नंबर P01135809 के रूप में दर्ज किया गया।



ट्रम्प की आरोपी की तरह तस्वीर खींची गई (मगशॉट)। 20 मिनट बाद वो जेल से बाहर आ गए। इसी के साथ ट्रम्प अमेरिका के पहले ऐसे राष्ट्रपति बन गए हैं, जिनका कैदियों की तरह मगशॉट लिया गया। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने रिहाई के पहले शर्तों के साथ 2 लाख डॉलर का बॉन्ड भरा। जेल से बाहर आने के बाद ट्रम्प ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया। ट्रम्प पर जॉर्जिया में राष्ट्रपति चुनाव नतीजों को पलटने के लिए धोखाधड़ी, धमकी देने और जालसाजी के आरोप हैं। उनके अलावा इस मामले में 18 और लोगों को आरोपी ठहराया गया है।

एटलांटा में मगशॉट और दूसरी प्रोसीडिंग्स पूरी होने के बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर पोस्ट किया। यहां उन्होंने अपना मगशॉट शेयर करते हुए लिखा- इलेक्शन इंटरफेरेंस, नेवर सरेंडर। ट्रम्प ने 2021 के बाद अब पहली बार ट्विटर पर कोई पोस्ट किया है। ट्रम्प के इस पोस्ट पर ट्विटर के CEO एलन मस्क ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने इसे नेक्स्ट लेवल बताया।

NYT के मुताबिक, ट्रम्प को एक कमरे में ले जाकर उनके फिंगरप्रिंट्स भी लिए गए। ये डॉक्यूमेंट्स कोर्ट और पुलिस रिकॉर्ड्स का हिस्सा बनेंगे। ट्रम्प के चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडोज ने भी सरेंडर किया।

### मोदी ने एथेंस में 'गुमनाम सैनिक के स्मारक' पर श्रद्धांजलि अर्पित की

एथेंस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनान एक दिवसीय यात्रा के दौरान शुक्रवार को यहां 'गुमनाम सैनिक के मकबरे' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) की तीन दिन की यात्रा के बाद वहां से सुबह एथेंस पहुंचे। वह एथेंस में 'गुमनाम सैनिक के मकबरे' पर गए और एक गरिमामय आयोजन के साथ स्मारक पर पुष्प-चक्र अर्पित किया। उन्होंने पुष्प अर्पित करने के बाद समारोह स्थल पर रस्मी सलामी गारद का निरीक्षण किया। मोदी 1983 के बाद यूनान की यात्रा पर आने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। यहां पहुंचने पर उनका हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया और यूनान की जनता तथा सरकार की ओर से उन्हें इस देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शनिवार 26 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सोनभद्र में ग्रामोद्योग की बढ़ते आयाम



**सोनभद्र।** विकास भवन सभागार सोनभद्र में नि: शुल्क टूल किट्स योजनान्तर्गत विद्युत चालित कुम्हारी चाक के लिए आवेदकों का साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित रहा। इससे संबद्ध कुल 45 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 32 लाभार्थी आवेदक उपस्थित थे। अनुपस्थित 13 लाभार्थियों में 03 महिला व पुरुषों की तादाद दस रहीं जबकि व 29 लोग साक्षात्कार में बतौर प्रतिभागी सम्मिलित थे। साक्षात्कार में भीष्म सिंह प्रतिनिधि परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी विंध्याचल मण्डल मिर्जापुर, राकेश मोहन गुप्ता ( ज्येष्ठ लेखा परीक्षक) परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय प्रयागराज - विन्ध्याचल मण्डल तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव, वेदवाणी तिवारी,प्रबन्धक एवं महेष कुमार मौर्या ( वरिष्ठ सहायक) तथा रमेश कुमार प्रतिभागियों से साक्षात्कार लेने वालों की श्रृंखला के सहभागी श्रेणी में समुपस्थित रहे। साक्षात्कार सहज सरल एवं नीयमनुकूल दशा में सविधि संपन्न हुआ।

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा, जन सौदा यात्रा

मुरैना। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जन आशीर्वाद यात्रा जन सौदा यात्रा हैं। इसके साथ ही उन्होंने मुरैना को उपेक्षित जिला बताते हुए कहा है कि मुरैना में सिर्फ खेती, फौज और मजदूरी ही रह गई है। कमलनाथ जिले के अंबाह में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुरैना उपेक्षित जिला है। जिले में खेती फौज और मजदूरी ही बची है। यहां सरकार ने कोई उद्योग शुरू नहीं करवाया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा पर भी निशाना साधते हुए कहा है कि यह जन आशीर्वाद नहीं बल्कि जन सौदा यात्रा है। उन्होंने मध्यप्रदेश को महिला अत्याचार और भ्रष्टाचार में नंबर वन बताते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की वजह से बाहर के निवेशक उद्योग लगाने नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस के डबरा विधायक सुरेश राजे का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में कमलनाथ ने कहा कि आजकल ऐसे कई वीडियो बन रहे हैं।

### हर एक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़े

राजगढ/भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने हर एक पात्र नागरिक का नाम जोड़ने और मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से अनिवार्य रूप से हटाने के निर्देश दिए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राजन ने फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र-160 के मतदान केंद्र क्रमांक -231, 232, 262, 263, 264, 266, 267, 269 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, रैंप, शौचालय एवं बैठक व्यवस्था देखी। बीएलओ से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए फॉर्म-6, 7, 8 की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर उपस्थित बीएलओ और मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों की उम्र एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वे अग्रिम रूप से अपना आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से जमा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। राजन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। मतदान केंद्र क्रमांक-231 शासकीय हाईस्कूल मानपुरा गुजराती में पौधरोपण किया। उन्होंने स्कूल परिसर में अशोक का पौधा लगाया।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की हुई वर्चुअल बैठक

मुरैना। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज ग्वालियर-चंबल संभाग अंतर्गत जिलों के सीमावर्ती राज्यों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की गूगल मीट से आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये गये। ग्वालियर कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से संभागीय कमिश्नर दीपक सिंह एवं एडीजीपी श्रीनिवास वर्मा ने निर्वाचन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। गूगल मीट से चंबल आईजी सुशांत सक्सेना श्योपुर से जुड़े। जबकि कानपुर, आगरा, झांसी के कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, इटावा से जुड़े हुये थे। गूगल मीट से मुरैना, भिण्ड, श्योपुर, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जालोन, ललितपुर जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े हुये थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सीमावर्ती राज्यों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई है, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### स्त्रियाँ अब ज्यादा मुखर हैं : नासिरा

नयी दिल्ली। प्रख्यात साहित्यकार नासिरा शर्मा ने कहा है कि पहले की तुलना में अब स्त्रियाँ ज़्यादा मुखर हुई हैं, लेकिन गाँव-कस्बों में यह विमर्श अभी पहुँचा भी नहीं है। शर्मा ने शुक्रवार को यहां साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'लेखक से भेंट' में कहा कि आज का स्त्री लेखन दूसरों की पीड़ा नहीं देख रहा है बल्कि उन्हें स्वयं की आज़ादी चाहता है, लेकिन आजादी के साथ जो सीमा होनी चाहिए उसे कौन तय करेगा। आलोचना में स्त्रियों की उपस्थिति पर उन्होंने कहा कि अगर महिला लेखन में दम और ईमानदारी है तो वह आलोचना के क्षेत्र में आए, तो उनका स्वागत होगा। उन्होंने कहा, मैं स्त्री-लेखन में बदले और प्रतिशोध की भावना से सहमत नहीं हूँ। प्रख्यात लेखिका ने श्रोताओं के समक्ष अपनी रचना-यात्रा को साझा किया। कार्यक्रम के आरंभ में उनका स्वागत साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने अंगवस्त्रम् एवं साहित्य अकादेमी की पुस्तकें भेंट करके किया। अपने लेखन अनुभवों को साझा करते हुए शर्मा ने कहा कि उनका लेखन बचपन में बँटवारे के ख़ौफ और बाद में पाकिस्तान और चीन से हुई लड़ाइयों से प्रभावित रहा है। ईरान-इराक़ जाने और इन देशों पर लिखने की शुरुआत सोची समझी नीति नहीं थी। फ़ारसी जानने के कारण इन देशों तक पहुँचना और उनको समझना आसान हुआ।

### कांग्रेस चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के करार को सार्वजनिक किया जाए : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से शुक्रवार को मांग की कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के साथ उनका जो भी समझौता हुआ है, उसे सार्वजनिक किया जाए। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, राजनीति के सबसे पुराने पंडित जी के खानदान के 53 वर्षीय युवा गांधी भारत, भारतीय समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और चीन के बारे में आधारहीन और अनर्गल बयान देने के आदी हो गये हैं। चीन के साथ इनकी सरकार के संबंध कैसे थे और भाजपा की सरकार के कैसे संबंध हैं, यह देश की जनता को अच्छी तरह से पता चल गया है। त्रिवेदी ने कहा कि 2020 में एक सरकारी चीनी थिंक टैंक ने कहा था कि थ्येनआनमेन चौक की घटना के बाद चीन कूटनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा अलगाव झेल रहा है। लेकिन राहुल गांधी के मन में चीन की बातों पर प्यार कैसे उमड़ रहा है। क्या यह राजीव गांधी फाउंडेशन को मिले दान का एहसान है या कांग्रेस के सीसीपी के साथ करार का इकरार है। भाजपा सांसद ने कहा कि वह जिन लोगों का हवाला देते हुए आरोप लगा रहे हैं, वह अपने आप उजागर हो रहा है। डोकलाम संघर्ष के समय उन्होंने ना सिर्फ चीनी राजदूत से मुलाकात की बल्कि उनके साथ खाना भी खाया था।

# सड़क में गड्ढे या गड्ढे में सड़क, कुंडऊ जाने वाले राहगीर परेशान

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



उतरौला( बलरामपुर )। उतरौला डुमरियागंज मुख्य मार्ग से ग्राम सभा कुंडऊ को जाने वाला डामर रोड पिछले कई वर्षों से जगह-जगह टूट कर गड्ढे में तब्दील हो गया है। ग्राम वासियों व राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर तय करना पड़ता है। इस जर्जर सड़क पर राहगीरों का चलना दूभर है। रात के समय राहगीर फिसल कर चोटिल हो जाते हैं। शफीकुर्रहमान, मोहम्मद जाहिद खान, जफर खान, पप्पू, नासिर हुसैन, मौलाना किरातुल्ला, पप्पू अंसारी, शमीम, साधु साहू, सुरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, चिनके, मेराज अहमद, सईद अंसारी, समीर, हम्माद आलम, असलम पठान समेत दर्जनों ग्राम वासियों का कहना है कि मुख्य मार्ग से गांव तक जाने वाली यह दो किलोमीटर की लंबी सड़क पूरी तरह टूट चुकी है।

और इस सड़क की चौड़ाई भी बेहद कम है। आमने सामने से दो वाहन आने पर एक वाहन को सड़क से नीचे उतरना पड़ता है तभी दूसरा वाहन पास होता है।

सरकार द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बहुत सी घोषणाएं हुई हैं, जिन पर विभागीय अधिकारी काम करने का दावा करते हैं। लेकिन, जो सड़कें पहले से ही पक्की हैं और गड्ढों में तब्दील हो रही है उनकी तरफ न तो सरकार के नुमाइंदों का ध्यान जा रहा है न ही विभाग के कार्यालयों में बैठे उच्च अधिकारियों का। सड़कों की मरम्मत के लिए प्रति वर्ष करोड़ों रुपये का बजट विभागों में आता है। लेकिन सड़कों की हालात को देखकर ऐसा लगता है यह बजट मात्र फाइलों में ही पूरा हो रहा है तथा सरकार का गड्ढा मुक्त सड़कों का अभियान भी दम तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते कुंडऊ रोड गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को जान का जोखिम बना रहता है।

यह सड़क उतरौला डुमरियागंज मुख्य मार्ग से कुंडऊ होते हुए जनपद सिद्धार्थनगर को भी जोड़ती है। सड़क पर गड्ढे होने के चलते वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। इस रोड की चौड़ाई भी बहुत कम है, ऐसे में दो वाहनों का एक साथ निकलना दुर्घटना को दावत देना जैसा ही है। विभागीय अधिकारियों का उक्त सड़क के गड्ढे को भरवाने की जहमत तक नहीं उठा रहे हैं। पिछले कई साल से इस टूटी हुई सड़क को चौड़ीकरण के साथ बनवाने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं।

### 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी 28 अगस्त से

नयी दिल्ली। ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (एनईए) का उद्घाटन 28 अगस्त को यहां किया जायेगा। अकादमी के अध्यक्ष प्रो वी नागदास ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि अभिनेता मनोज जोशी इसका शुभारंभ करेंगे। इसमें लेखक, निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और चाणक्य का किरदार निभाने वाले चंद्रप्रकाश द्विवेदी विशेष अतिथि होंगे और प्रख्यात समकालीन कलाकार वासुदेव कामत सम्मानित अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह में बीस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस पुरस्कार के तहत एक पट्टिका, प्रमाण पत्र और 2 लाख रुपये नकद प्रदान किए जायेंगे। अकादमी अपने 69 वर्षों के इतिहास में पिछले 63 वर्षों से राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है। 1954 में स्थापित इस अकादमी ने हाल ही में (5 अगस्त 2023) को अपना 69वां स्थापना दिवस मनाया था।

### जिले की जद में पड़ने वाले पश्चिमी, पश्चिमोत्तर एवं दक्षिणी क्षेत्रों में की गई काम्बिंग



सोनभद्र। जनपद में चल रहे एंटी नलसल अभियान की कड़ी में कराये जा रहे कांम्बिंग अभ्यास का कार्य जोरों पर जारी है। इसी तारतम्य में घोरावल क्षेत्राधिकारी अमित कुमार की निगहबानी में मिर्जापुर जिले की सरहद से सटे बकहर नदी बार्डर के वन आच्छादित गाँव भैसवार और मध्यप्रदेश के सीमांत इलाके के महानद सोन से सटे एवं सोनभद्र के सीमावर्ती जंगल के गाँव कोरट में की गई सघन काम्बिंग। काम्बिंग से पूर्व क्षेत्राधिकारी घोरावल ड्ड द्वारा उपस्थित पुलिस बल को एंटी नक्सल अभियान के बारे में बताया गया तथा अभियान की आवश्यकता से सभी का संवेदनीकरण कराया गया। तत्पश्चातअनुशासित ढंग से फालइन हुई पुलिस बल के साथ। कदम ताल से शुरु कांम्बिंग का अभ्यास व मार्च किया गया। घोरावल के पश्चिमोत्तर में मिर्जापुर को संस्पर्सित करते उम्भा में तैनात पीएसी बल - चौकी पुलिस व थाना घोरावल पुलिस के जत्थे के साथ सीओ अमित कुमार के नेतृत्व में की गई काम्बिंग। गौरतलब है कि घोरावल के पश्चिमी एवं पश्चिमोत्तर एवं दक्षिण दिशा के ये सभी इलाके, जहाँ पुलिस - पीएसी द्वारा काम्मिंग की गई, ये सभी क्षेत्र नक्सल गतिविधियों से आच्छादित रहे हैं और नक्सली अपनी इकाई घोरावल - कोरावल यूनिट के नाम से पारिभाषित करते रहे। इन्ही सोनभद्र की जद में पड़ने वाले क्षेत्रों में की गई कम्बिंग।

### ज्योतिषी अटलांटा कश्यप ने अनाथ बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन .!



अब तक कई मौकों पर अपनी सटीक भविष्यवाणियों से देश का ध्यान आकर्षित कर चुकीं प्रख्यात ज्योतिषी अटलांटा कश्यप का बीती रात जन्मदिन था । मुम्बई में रहकर अपनी ज्योतिष विद्या के साथ साथ देश दुनिया का सटीक भविष्य बताने वाली अटलांटा कश्यप ने अपने जन्मदिन को अनाथ बच्चों के नाम कर दिया । उन्होंने अपना जन्मदिन एक अनाथालय में जाकर उन बच्चों के साथ मनाया जिनका की इस दुनिया मे कोई नहीं है । अटलांटा कश्यप का कहना है कि अपने ज़िन्दगी की खुशियों को ऐसे लोगों के साथ सेलिब्रेट करना चाहिए जिनको इस अनमोल पल की असली कद्र है । इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन के इस खास मौके को इन अनाथ बच्चों के नाम कर दिया । देश मे कई ऐसे मौके आये जहाँ पर अटलांटा कश्यप ने अपनी सटीक भविष्यवाणी से लोगों का ध्यान आकर्षित किया । उन्होंने विगत कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर बेहद सटीक भविष्यवाणी की थी। उसके पहले भी कई मौकों पर उन्होंने अपनी सटीक भविष्यवाणी किया है, उन्होंने आर्यन खान ड्रग्स केस में भी भविष्यवाणी करते हुए जब कहा कि अगले 7 दिनों के अंदर आर्यन खान को बेल मिल जाएगी वो बात भी एकदम सटीक साबित हुई थी। अटलांटा कश्यप ब्यूटी विद ब्रेन का परफैक्ट उदाहरण हैं । उन्होंने अभी हाल फिलहाल में चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के बारे में भी अपनी गणना से भविष्यवाणी किया था जो कि बिल्कुल ही सत्य साबित हुआ ।

# गौतमबुद्धनगर के सांसद डा. महेश शर्मा ने त्रिपुरा उप चुनाव में झोंकी ताकत, 5 सितंबर को होगा चुनाव

**गौतमबुद्धनगर।** गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के सांसद डा. महेश शर्मा ने त्रिपुरा में एक बार फिर अपनी पूरी शक्ति झोंक दी है। डा. महेश शर्मा त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी हैं और त्रिपुरा में एक बार फिर अपनी पूरी शक्ति झोंक दी है।

भारतीय जनता पार्टी से नोएडा के सांसद डा. महेश शर्मा इन दिनों त्रिपुरा में हैं। त्रिपुरा में हो रहे दो विधानसभा सीटों पर उप चुनावों को लेकर उन्होंने अपनी पूरी शक्ति पार्टी प्रत्याशियों के लगा रखी है। शुक्रवार को उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया और आम जनता से से पार्टी के लिए वोट मांगे।



त्रिपुरा में हो रहे दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए नोएडा के सांसद डा. महेश शर्मा अपनी पूरी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरे हुए हैं। उप चुनाव वाले दोनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक मंडल स्तर पर बैठक करके पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों से मिल रहे हैं तथा उन्हें जीत के मंत्र बता रहे हैं। शुक्रवार को सांसद व त्रिपुरा के प्रभारी डा. महेश शर्मा बाक्स नगर विधानसभा क्षेत्र में थे। वहां उन्होंने भाजपा के मंडल कार्यालय बैठक करके पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं में जोश भरा। इसी प्रकार वें धनपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मंडल स्तर पर बैठक की।

यहां आपको बताना जरूरी है कि त्रिपुरा प्रदेश में स्थित सिपाहीजाला जिले की धनपुर व बाक्स नगर विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं। धनपुर विधानसभा सीट त्रिपुरा की प्रमुख भाजपा नेता प्रतिमा भौमिक के त्यागपत्र से खाली हुई है। केंद्र में मंत्री बनने के बाद उन्होंने विधानसभा से त्यागपत्र दे दिया था। बाक्स नगर सीट सीपीआईएम के विधायक सैमुअल का निधन हो जाने के कारण खाली हुई है। भाजपा ने बाक्स नगर सीट से तफज्जल हुसैन व धनपुर सीट से बिंदू देवनाथ को प्रत्याशी घोषित किया है। इन दोनों सीटों पर 5 सितंबर को चुनाव होना है।

# निपुण भारत मिशन को सफल बनाने का करें कार्य

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

**उतरौला/बलरामपुर।** निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उसके उद्देश्यों को प्राप्त करने में अभिभावकों, प्रबुद्धजनों एवं जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिए शुक्रवार गैड़ास बुजुर्ग ब्लाक के बीईओ विनय चौधरी के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैना बुलंद व गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय सहियापुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार एवं विशिष्ट विशिष्ट डायट प्रवक्ता विजय निगम रहे।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रअ मोहम्मद फिरोज एवं सहियापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रअ ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विनय चौधरी ने शिक्षक चौपाल के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा किया। बीईओ ने कहा कि अभिभावकों एवं जन समुदाय की भारी उपस्थिति परिषदीय विद्यालयों की बेहतर शिक्षण व्यवस्था दर्शा रही है। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता और मन से काम किया जाय तो निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सफल होना है तो कदम भारी रख, बाहर निकल तूफानों से यारी रख। कदम -कदम पर मिलेंगी मुश्किलें ये तय है, पर तू निरंतर अपना सफर जारी रख, तू निरंतर अपना सफर जारी रख शेर के साथ शिक्षा चौपाल का समापन किया। ग्राम प्रधान सहियापुर गोपीनाथ वर्मा, एवं समाजसेवी सीताराम मौर्य, एआरपी वीरेंद्र बहादुर ,राम प्रीत, काशी राम रश्मि त्रिपाठी प्रेम चंद शर्मा, मोहम्मद हारून, शिव कुमार, रश्मि त्रिपाठी, सुशील कुमार गुप्ता, रघुवंश शुक्ला, लाल बहादुर, जग मोहन,मनोज कुमार, भुवनेश्व कुमार, मोहित, गंगा राम समेत विद्यालय के सभी शिक्षक, अभिभावक शिक्षिक मौजूद रहे।

### कंपनी सचिव परीक्षाओं के जून, 2023, के परिणाम घोषित

जून, 2023 में आयोजित कंपनी सचिवों की परीक्षाओं के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम का परिणाम आज, यानी 25 अगस्त,2023 को नई दिल्ली में घोषित किया गया और संस्थान के देश के सभी कार्यालयों में जारी कर दिया गया। ICSI ने संस्थान की वेबसाइट - www.icsi.edu पर विषय-वार ब्रेक-अप के साथ-साथ परिणाम उपलब्ध कराने के अलावा, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा के परीक्षार्थियों द्वारा ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है । प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा के मॉड्यूल - I में 9.07 प्रतिशत अभ्यर्थी, मॉड्यूल - II में 7.86 प्रतिशत और मॉड्यूल - III में 13.11 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कोल्हापुर परीक्षा केंद्र से राशीअम्रुतपारखने प्रोफेशनल प्रोग्राम परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है। एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा में 5.85 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल - I में और 13.05 प्रतिशत अभ्यर्थी मॉड्यूल - II में उत्तीर्ण हुए हैं । मेरठपरीक्षा केंद्र से भूमिकासिंहने एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम की परीक्षा में ऑल-इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है। कंपनी सचिवों के प्रोफेशनल प्रोग्राम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम की अगली परीक्षाएँ गुरूवार, 21 दिसंबर, 2023, से शनिवार, 30दिसंबर, 2023 तक आयोजित की जाएंगी।

### लोगों की जिंदगी बदलने का काम कर रही है भाजपा सरकार : शिवराज

कटंगी (जबलपुर)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोगों की जिंदगी बदलने का काम कर रही है।

चौहान ने यहां आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में सहभागिता कर 548 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को अनेक सौगातें दीं। इस दौरान उनका जनदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

चौहान ने कहा कि कटंगी की जनता ने उन्हें अभूतपूर्व प्यार और विश्वास दिया है। उन्होंने महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि केवल एक हजार रुपए तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे धीरे-धीरे बढ़ाते हुए तीन हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाएं राजनीति में सशक्त हों, इसलिए भाजपा सरकार ने फैसला किया कि स्थानीय निकाय के चुनाव में 50 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी।



उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर कोई गरीब बिना जमीन के नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री आवासीय-भू अधिकार योजना के अंतर्गत निःशुल्क पट्टा देकर उन्हें भूखंड का मालिक बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए प्रदेश भर में सीएम राइज स्कूल बना रहे हैं। इन स्कूलों में लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास और प्ले ग्राउंड की व्यवस्था होगी। बच्चों को घर लेने व छोड़ने बस जाएगी। शासकीय नौकरियों में भर्ती के साथ-साथ स्व-रोजगार की कई योजनाएं मध्यप्रदेश में निरंतर चल रही हैं। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रारंभ की है, इसमें ट्रेनिंग के दौरान हर माह आठ से 10 हजार रुपए तक का स्टाइपेंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों की जिंदगी बदलने का काम कर रही है।

# नारी सम्मान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित करती कहानियों का अद्भुत संगम है पंचकृति .!

फ़िल्म रिव्यू - पँचकृति - फाइव एलिमेंट्स
बैनर - युबोन विजन प्राइवेट लिमिटेड
कहानी - हरिप्रिया भार्गव, संजय भार्गव और कुमार राकेश ।
निर्माता - हरिप्रिया भार्गव, संजय भार्गव
निर्देशक - संजय भार्गव
संगीत - राजेश सोनी

आज के दौर में जहाँ एक ओर दुनिया चाँद पर कदम रख रही है वहीं दूसरी ओर आज भी सामाजिक स्तर पर नारी उत्पीड़न की ख़बरें आना विचलित कर देता है , ऐसे में यदि कोई निर्माता/निर्देशक नारी सम्मान और उत्थान को मध्य में रखकर किसी फिल्म का निर्माण करता है तो वाक़ई यह प्रेरणादायक कदम ही कहा जायेगा। पँचकृति ऐसी ही पाँच कहानियों का अनोखा संगम है जिसके माध्यम से फिल्मकार ने समाज मे नारियों के प्रति सोंच को बदलने का प्रयास किया है ।



उत्तरमध्य भारत के बुंदेलखंड इलाके के चंदेरी शहर को विषय का केंद्रबिंदु मानकर इस फ़िल्म की कथा पटकथा को बुना गया है जिसमे बुंदेलखंड और राजस्थानी दोनों पुट सामने से उभरकर आए हैं । इस फ़िल्म का पहले ही दृश्य में भगवद्भक्ति और उसके साथ ही विजयेंद्र काला के अभिनय के साथ जो ज्योतिष विद्या और तँत्रमंत्र कि कहानी शुरू होती है वो फ़िल्म के आख़िरी तक आपको बांधे रखने में कामयाब रहती है । इस फ़िल्म में बुंदेलखंड के मशहूर सुआता पूजा के साथ नारी के प्रति लोगों के नजरिये और धार्मिक आस्था को भी बखूबी परोसा गया है । कहानी के अगले पड़ाव में दिखाया गया है कि किस तरह से पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर किसी अजन्मे बच्चे को कभी भी गर्भ के अंदर नहीं मार देना चाहिए । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले देश में यह पाप के साथ साथ कानूनी अपराध भी है । निर्देशक ने इसको समझाने के लिए जो भविष्य की बच्ची का कंसेप्ट जोड़ा है वह वाक़ई में अद्भुत रोचकता प्रदान करता है । फिल्म पंचकृति ग्रामीण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और रीति-रिवाजों को व्यापक रूप में दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। Panch Kriti: Five Elements का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सुआता पूजा और बेटी बचाओ जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर प्रकाश डालना है। पंचकृति-फाइव एलिमेंट्स पांच कहानियों के समिश्रण पर आधारित है। फिल्म में दर्शायी पाँचों कहानियों का आधार बुंदेलखंड के चंदेरी शहर में स्थित हैं। भारत के प्रतिष्ठित कलाकरों के साथ नए, उभरते कलाकार भी फिल्म में अपने अभिनय का जादू बिखेरते नज़र आ रहे हैं। कोरोना के महाप्रकोप बाद सिनेमाघर, ख़ास कर सिंगल स्क्रीन थिएटर, दर्शकों की कमी सहित कई सारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। यह फिल्म, जो ग्रामीण भारत की कहानियों को उजागर करती है, इन सिनेमाघरों में दर्शकों को वापस ले कर आने का काम करेगी। फ़िल्म में प्यार मोहब्बत के साथ साथ बेहतर गीत संगीत भी है जो दर्शकों को थियेटर तक खींच लाने का काम करेंगे । ओटीटी के जमाने मे भी यदि दर्शक इस फ़िल्म को देखने के लिए थियेटर तक आते हैं तो ये बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जायेगी । क्योंकि फ़िल्म बेहतर कॉन्सेप्ट के साथ बेहतर लोकेशन और तकनीक के साथ बनाई गई है । फ़िल्म में अभिनय की बात करें तो हर बड़ी फिल्मों की भांति फ़िल्म की शुरुआत से ही विजयेंद्र काला ने पंडित के चरित्र में जान फूंक दिया है , उनके साथ उमेश बाजपेई ने मौर्या जी के रूप में भी ध्यान आकर्षित किया है । जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ती है फिर माही के चरित्र में माही सोनी, मुकेश के रूप में तन्मय चतुर्वेदी ने अधिक प्रभावित किया है । वहीं कुरंगी विजयश्री नागराज ने सखी के चरित्र को भी संजीदगी से निभाया है । देवयानी चौबे ने रत्ना के रूप में एक सधी हुई लड़की का अच्छा कैरेक्टर निभाया है ।